e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 232
शनिवार
24.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को निर्बल मानोगे, तो निर्बल और सबल मानोगे, तो सबल ही बन जाओगे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## स्व. बिनोद बिहारी महतो
की वीर भूमि उत्तरी छोटानागपुर
की लाखों बहनों को
## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री
**मंईयां**
सम्मान योजना

**हर बहना को**
**हर साल**
**₹ 12 हजार**

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

24 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे से
सिंदूर मैदान, हजारीबाग


**उत्तरी छोटानागपुर** (रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

46 लाख से अधिक निबंधन

अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-333644(Women, Child Development & Social Security)24-25

# झामुमो ने निकाला झारखंडी अधिकार मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ समाहरणालय के समक्ष धरना दिया गया। धरना के पश्चात उपायुक्त गढ़वा को ज्ञापन सौंपा गया। इसके पूर्व झामुमो नेताओं ने चिनिया रोड, नाहर चौक से समाहरणालय तक अधिकार मार्च निकालकर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा झारखण्ड के हक एवं अधिकार को लगातार छिनने का कार्य किया गया है। केन्द्र सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों में हमेशा झरखण्ड राज्य की उपेक्षा की गई है। भोले-भाले झारखण्डी जनों के हक अधिकार एवं सम्मान को कुचलने का प्रयास किया गया है। केंद्र सरकार झारखंड के बकाया 1 लाख 37 हजार करोड़ रुपए रॉयल्टी का पैसा रोककर रखी हुई है। साथ ही राज्य का प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा रोककर रखी हुई है। विगत दिनों खेलो इंडिया के तहत देश के सभी राज्यों को राशि आवंटित की गई जिसमें झारखंड को मात्र 9 करोड़ रूपए प्रदान किया गया जबकि खेल के क्षेत्र में झारखंड का हमेशा उम्दा प्रदर्शन रहा है।मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, उपाध्यक्ष नितेश सिंह, सलीम जाफर, केंद्रीय सदस्य शंभू चंद्रवंशी, राज किशोर यादव, निर्मल पासवान आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## अज्ञात अपराधियों ने नरखोरिया में 10 राउंड फायरिंग कर फैलाया दहशत, जांच में जूटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र के नरखोरिया गांव में एनएच 75 पर बीती रात 10 राउंड गोली चलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला आने के बाद शुक्रवार के सुबह स्थानीय थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुच कर पांच खोखा बरामद कर अनुसंधान में जुट गया है। घटना के बाद आसपास में दहशत फैल गया है। घटना के बारे में आस पास के लोगो ने बताया कि रात्रि में लगभग डेढ़ बजे गोली चलने का आवाज सुनने के बाद घर से बाहर निकल कर देखा कि घर से पश्चिम दिशा में कुछ दूर पर एन एच 75 पर दो बंद गाड़ी खड़ा है। उसमे सवार लोग हवा में गोली चला रहे है। लोगो ने बताया कि डर से अपने घर में घुस गए। लोगो ने बताया कि घटना के कुछ देर के बाद पश्चिम दिशा से आ रहे पुलिस का गस्ती वाहन देख दोनो वाहन पर सवार होकर लोग पूरब की दिशा में भाग निकले। घटना के बाद एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक घटना स्थल पर पहुंच कर पांच खोखा बरामद किया। तथा उस मार्ग से जाने वाले कई घरों में लगाए गए सीसी टीवी का जांच किया।

## रामवृक्ष मिश्र मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला स्थित बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी ग्राम मे रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित पुस्तकालय के बैनर तले, हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव, यह जन्म उत्सव कार्यक्रम छे दिन तक चलता है जो ईस वर्ष 27,8,2024 दिन मंगलवार को जन्मोत्सव बनाई जाएगी वही छठी का कार्य क्रम 1,9,2024 दिन रवी वार संध्या चार बजे से भजन कीर्तन एवं उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रसाद वितरण कर समापन की जाएगी। इस ट्रस्ट के संचालन करता मिथिलेश मिश्रा ने बताया भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है, भगवान श्री कृष्णा धरती पर जन्म लेकर सदैव सत्य का साथ दिया और लोगों को धर्म के मार्ग पर चलन की बात बताई थी, वही ट्रस्ट उपाध्यक्ष विनोद पाठक ने बताया यह कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है इस वर्ष बृहद रूप से जन्म उत्सव मनाई जाएगी उपस्थित, राधेश्याम मिश्रा, कमलापति बैध, विनोद पांडे, सुरेंद्र पाठक समेत काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

## अंगद किशोर ने जपला के इतिहास पर प्रकाश डाला



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उदयन पब्लिक स्कूल जपला में क्षेत्रीय इतिहासकार एवं शिक्षाविद् अंगद किशोर ने छात्र-छात्राओं के बीच जपला के इतिहास पर विस्तृत रूप से चर्चा की। अंगद किशोर ने हाई स्कूल के बच्चोंकी के बीच जपला का इतिहास पर व्याख्यान देते हुए कहा कि 12 वीं शताब्दी में जपला खरवार राजवंश के शासक प्रताप धवल देव की राजधानी था। पलामू, रोहतास और औरंगाबाद जिले में खरवार राजवंश के अभी तक 14 शिलालेख और ताम्र अभिलेख मिले हैं। यह राजवंश उक्त जिलों में 500 से अधिक वर्षों तक शासन किया है। जपला का मध्यकालीन नाम जपिला था, जो अंग्रेज काल में जपला में तब्दील हो गया। प्रताप धवल देव के दो शिलालेख जपला में भी मिले हैं। जपला का इतिहास जानकर छात्र - छात्राओं में काफी कौतूहल और जिज्ञासा देखी गई। अंगद किशोर ने बताया कि क्षेत्र में इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा करने तथा पुरास्थलों की सुरक्षा के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के बीच स्थानीय इतिहास की चर्चा प्रारंभ की गई है। उद्बोधन के पूर्व श्री किशोर ने विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार द्विवेदी को अपनी सद्य प्रकाशित चर्चित पुस्तक झारखंड का मौर्यकालीन नगर जपला भेंट की।

# समाहरणालय संवर्ग के निम्नवर्गीय लिपिक अब सहायक कहलाएंगे : आशुतोष पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) का हड़ताल सरकार से वार्ता के बाद समाप्त हो गया। संघ के पलामू जिला के कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष पांडेय ने बताया कि सरकार से वार्ता में संघ के सदस्यों के द्वारा जारी हड़ताल को समाप्त करने के विषय पर निम्न सहमति बनी ~1. समाहरणालय संवर्ग के निम्नवर्गीय लिपिक का पदनाम सहायक एवं उच्चवर्गीय लिपिक का पदनाम वरीय सहायक प्रधान लिपिक का पदनाम सहायक प्रशासी अधिकारी, कार्यालय अधीक्षक का पदनाम प्रशासी अधिकारी ग्रेड-2 एवं प्रशासी अधिकारी का पदनाम प्रशासी अधिकारी ग्रेड-1 करने पर सहमति बनी। तदनुसार कार्मिक विभाग के द्वारा आदेश निर्गत करने हेतु कार्रवाई की जायेगी. 2. पदसृजन की कार्रवाई राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किया जा रहा है। सभी जिलों से प्रस्ताव विभाग को प्राप्त होने के डेढ़ माह में पद सृजन करने की कार्रवाई किये जाने पर सहमति बनी। 3. बैठक में निर्णय लिया गया कि अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित की जाएगी, जिसमें कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग तथा वित्त विभाग के संयुक्त सचिव से अन्युन पदाधिकारी सदस्य होंगे। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के द्वारा कार्रवाई की जायेगी. उक्त समिति द्वारा समाहरणालय संवर्ग संघ के निम्न माँगों पर विचार करते हुए अपनी अनुशंसा सरकार को तीन माह के अन्दर उपलब्ध कराई जायेगी. तदुपरान्त सरकार द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।1.संघ द्वारा वेतनमान में संशोधन यथा निम्नवर्गीय लिपिक के ग्रेड पे 2400/ करने एवं तदनुरूप उच्चतर पदों पर ग्रेड पे में बढ़ोतरी तथा प्रशासी अधिकारी के पद पर योगदान की तिथि से ही ग्रेड पे 5400/ करने आदि के संबंध में संघ के पत्रांक- 78 दिनांक - 11.08. 2024 के द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं एमएसीपी तथा कालावधि के प्रावधान संबंधी माँग। चतुर्थवर्गीय कर्मियों के संबंध में बिहार राज्य की तरह बिना परीक्षा के अर्हता एवं योग्यता के आधार पर प्रोन्नति एवं कालावधि के आधार वेतन उन्नयन की माँग। आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं संविदा कर्मियों के सन्दर्भ में उनकी वेतन विसंगति तथा अन्य राज्यों में आयु सीमा के सन्दर्भ में लिये गये निर्णय के आलोक में समीक्षा कर निर्णय लेने की माँग।

# गढ़वा के विकास कार्यों को साझा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात : मंत्री मिथिलेश



**केंद्र के सहयोग के बगैर राज्य में हो रहा है ऐतिहासिक कार्य : मंत्री**

गढ़वाः झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि केंद्र के सहयोग के बगैर राज्य में लगातार ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। यह राज्य एवं राज्य की जनता के हित में बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उदासीनता के बाद भी राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से अबुआ आवास दे रही है। जिसके तहत सभी बेघरों को अपना छत का सपना पूरा हो रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे राज्य गठन के इतने वर्षों बाद एक अपनी सरकार आई है, जो सिर्फ़ झारखंडियों के लिए काम कर रही है। माताओं बहनों के खाते में खटा-खट रुपये आ रहे हैं, दो लाख तक का कृषि ऋण माफ कर दिया गया, 200 यूनिट बिजली भी फ्री कर दी गई है। ऐसी बहुत सारी योजनाएं जनहित में चलायी जा रही हैं।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि लगभग हर रोज एक ही प्रकार की बातें सुन और पढ़कर आप बोर तो नहीं हो रहे।
लेकिन मैं हर बार आप सभी से गढ़वा की छोटी से छोटी विकास की बातें साझा करके स्वयं को सौभाग्यशाली समझता हूं। पुनः आज गढ़वा की एक एवं मेराल प्रखंड की दो प्रमुख सड़कों की स्वीकृति मुझे काफी सुकून दे रही है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 17 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## चिकित्सा पदाधिकारी ने दिया योगदान



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर प्रसिद्ध नारायण सिंह को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में प्रतिनियुक्त कर दिया है। डा. प्रसिद्ध नारायण सिंह ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में योगदान कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद चिकित्सा पदाधिकारी डा. पीएन सिंह ने बताया कि वह अपने कार्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे। अस्पताल में आने वाले मरीजों को जितनी व्यवस्था है उसमे ही बेहतर सेवा देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा की हैदरनगर ने अधिक से अधिक समय दें। उन्होंने आम लोगों से भी सहयोग का आग्रह किया है।

## ग्यासुद्दीन ने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से आरजेडी के टिकट की दावेदारी की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** समाजवादी विचार धारा रखने वाले हुसैनाबाद के हरदिल अजीज नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने आरजेडी के झारखंड प्रदेश कार्यालय में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से आरजेडी के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि वह तीस वर्षो से समाज सेवा कर रहे हैं। वह नगर पंचायत हुसैनाबाद के वार्ड पार्षद के बाद आरजेडी के टिकट पर पिछला नगर पंचायत चुनाव में उपाध्यक्ष पद से रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज कराने का काम किया है। उन्होंने अपने बायोडाटा में अपने सामाजिक राजनीतिक जीवन के साथ साथ संघर्षों का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा है कि हिंदू मुस्लिम दोनो समुदाय के लोगों से उनका गहरा लगाव है। हुसैनाबाद में वह इकलौते सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो दुर्गा बड़ी समेत अन्य मंदिरों की कमेटियों में हैं। उन्होंने आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मांग की है की वह उन्हें टिकट देंगे तो वह हुसैनाबाद सीट आरजेडी के खाते में डालना उनका काम होगा। उन्होंने अपने आवेदन में गत कई विधानसभा चुनावों का भी हवाला दिया है। ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि उन्होंने अपनी इच्छा से प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया है। उनके जो भी निर्णय होगा उसका अक्षरशः पालन करेंगे।

# सगमा प्रखंड में एडमिन फंड से 21,62,975 रुपये की राशि की किया गया फर्जी निकासी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड में एडमिन फंड की राशि की फर्जी निकासी के मामले में जांच नहीं होने पर अब उक्त मामले की जांच भारत सरकार के केंद्रीय टीम से कराने की मांग केंद्रीय मंत्री से किया गया है।उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कही।उन्होंने कहा है कि सगमा प्रखंड में एडमिन फंड की 21,62,975 रुपये की राशि फर्जी तरीके से दो बार मे निकासी किया गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में छेड़छाड़ कर वन की जगह आई बनाकर उक्त राशि की निकासी किया गया है। उन्होंने कहा है कि इस फर्जीवाड़े में परियोजना पदाधिकारी गढ़वा दीपक कुमार का काफी योगदान रहा है। इस मामले की जांच जिले के उपायुक्त ने दो दो बार अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के नेतृत्व में टीम बनाकर जांच का आदेश दिया था,लेकिन एसडीओ द्वारा जांच नही किया,क्योकि अनुमंडल पदाधिकारी सगमा बीडीओ सत्यम कुमार के लिये रक्षा कवच की तरह काम करते है। जिसके कई प्रमाण है।श्री केशरी ने कहा कि इसके अलावे जब सगमा बीडीओ कुछ दिनों के लिये धुरकी प्रखंड के प्रभार में भी थे तो प्रभार में आते ही बालू की चोरी कराने लगे।रात्रि 10 बजे खुटिया के गुप्ता गोंड को अपने काम से लौटने के क्रम में मोटरसाइकिल रोककर बिना पूछे सीआईडी कहकर डंडा से पीटने लगे और उसे बेहोश कर दिये। गुप्ता गोंड को न्याय के लिये जिले के उपायुक्त ने एसडीओ को जांच के लिये दिया तथा एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगा। एसडीओ ने एक बीडीओ के विरुद्ध जांच दूसरे प्रखंड के बीडीओ को दे दिया।श्री केशरी ने कहा कि एसडीओ जांच तो करते नही है।यदि जांच करते भी हैं तो आरोपी बीडीओ को साथ लेकर जांच करते है। विगत 23 जून 2024 को बीडीओ को जांच में साथ रखने पर घघरी ग्राम के लोगो ने विरोध किया था। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान, अनिल कुमार गुप्ता, रमेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
(Civil Engineering Department)
Regd. Office: JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002
e-mail- ceciviljusnl@gmail.com

**Cancellation Notice**

Tender invited vide e-NIT No. 23/PR/JUSNL/2024-25 is hereby cancelled due to unavoidable reasons.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 333572 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D
Sd/-
General Manager, (Civil), JUSNL

# अव्यवस्थित व्यवस्था के चलते डिजनीलैंड मेला असुरक्षित : रंजन कुमार दुबे





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** डिजनीलैंड मेला प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में भारी-भरकम राशि अदा करके लगाया जाता है जिसकी अनुमति अनुमंडल पदाधिकारी व जिला प्रशासन देती है। इस बार भी डिजनीलैंड मेला शहर के शिवाजी मैदान में लगभग 61 लाख की बोली लगाकर लिया गया है।सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं होना कहीं न कहीं अनहोनी की आशंका को जन्म दे रही है। आज मैं जब मेला स्थल पर गया और लोगों का भारी भीड़ देखा। मैं मेला प्रबंधन की बदइंतजामी देख कर भौंचक रह गया। अगर कहीं मेला स्थल पर कोई हादसा हो गया तो सुरक्षा के लिए कोई दूसरा द्वार तक नहीं होना मेला प्रबंधन की लापरवाही दर्शाता है। एक साथ बड़े पैमाने पर दर्शको को मेला में प्रवेश करा कर पैसा बटोरने में लगी मेला प्रबंधन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है की मेला के अंदर दर्शक किस हालात से गुजर रहे हैं। अग्निशामक की कोई वयवस्था डिजनीलैंड मेला में दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आती है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि अगर कहीं कोई अनहोनी होती है तो कौन इसका जिम्मेवार होगा शिवाजी मैदान की रोड़ भी संकिर्ण व पतली है।एक तो मरीन ड्राइव का जाम और अब मेला का जाम हमारे समझ से परे है।पता नहीं इस स्थल को जिला प्रशासन क्यों आवंटित करती हैं। यह स्थल कहीं से मेला के लिए उपयुक्त नहीं है। जब शहर की आबादी कम हुआ करती थी तो शिवाजी मैदान इस मेला के अनूकूल हुआ करती थी आज डालटनगंज अपनी आबादी के बदौलत नगरनिगम का दर्जा प्राप्त कर चूका है। ऐसे में बढ़ती आबादी के कारण इस प्रकार के मेला को बड़े मैदान में आयोजित किया जाना चाहिए। बच्चो के कारण अधिकांश आबादी इस मेला में एक बार अवश्य जाती है मेरा सभी अभिभावकों से आग्रह होगा की अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहते हुए डिजनीलैंड घूमें। मैं जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि जितने दिन मेला के संचालन में समय बचा है उचित सुरक्षा मुहैया कराई जाए। जनता जाम से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।और आगामी वर्ष से इस स्थल पर मेला का संचालन ना हो।

## कथा के तीसरे दिन आचार्य वेदांती जी महाराज ने सती चरित्र के प्रसंग का किया वर्णन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बंशीधर मंदिर के खलिहान प्रांगण में श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराते हुये श्रीधाम वृन्दावन से पधारे आचार्य श्री स्वामी पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज ने कहा सती चरित्र का वर्णन करते हुये कहा कि किसी भी स्थान पर जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिये कि जहां आप जा रहे है, वहां आपका अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो।यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिये। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो।कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग का वर्णन करते हुये बताया कि माता सती के पिता दक्ष ने एक विशाल यज्ञ किया था और उसमें अपने सभी संबंधियों को बुलाया,लेकिन बेटी सती के पति भगवान शंकर को नहीं बुलाया। जब सती को यह पता चला तो उन्हें बड़ा दुख हुआ और उन्होंने भगवान शिव से उस यज्ञ में जाने की अनुमति मांगी,लेकिन भगवान शिव ने उन्हें यह कहकर मना कर दिया कि बिना बुलाये कहीं जाने से इंसान के सम्मान में कमी आती है। लेकिन माता सती नहीं मानी और राजा दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में पहुंच गई। वहां पहुंचने पर सती ने अपने पिता सहित सभी को बुरा भला कहा और स्वयं को यज्ञ अग्नि में स्वाहा कर दिया।जब भगवान शिव को ये पता चला तो उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोलकर राजा दक्ष की समस्त नगरी तहस-नहस कर दी और सती का शव लेकर घूमते रहे।भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से माता सती के शरीर के टुकड़े-टुकड़े किये, जहां शरीर का टुकड़ा गिरा वहां-वहां शक्तिपीठ बनी।इस अवसर पर संकीर्तन मंडली के सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान कर मनमोहक भजन प्रस्तुत किया।

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand), Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 e-mail: japit_doit@rediffmail.com

**Corrigendum-2**

Request For Proposal (RFP), for Empanelment of Agencies under Rate Contract for Scanning, Digitization and Document Management System

Tender Reference No.: JAP-IT/RC/Digitization/01/2024
Reference PR No. 331503

This is in reference to the Request for Proposal (RFP) published for the purpose of "Empanelment of Agencies under Rate Contract for Scanning, Digitization and Document Management System" with Reference No.: JAP-IT/RC/Digitization/01/2024 dated 02/08/2024. Corrigendum-2 has been uploaded on e-procurement website.

Interested participants may download the Corrigendum-2 document from the Portal https://jharkhandtenders.gov.in.

The address for correspondence for the purpose of this RFP is:
Chief Executive Officer, JAPIT, Ground Floor, Near Golchakkar, Engineer's Hostel - 1, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Email: japit_doit@rediffmail.com, Phone No.: +91-651-2401044

PR 333601 Information Technology(24-25)#D
Sd /-
OSD, JAP-IT

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 232
शनिवार
24.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को निर्बल मानोगे, तो निर्बल और सबल मानोगे, तो सबल ही बन जाओगे।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### मानवाधिकार आयोग ने अनकापल्ली विस्फोट मामले में मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली की एक औद्योगिक इकाई में 21 अगस्त को हुए विस्फोट के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है।मानवाधिकार आयोग ने सुरक्षा मानकों में लापरवाही के लिए गहन जांच के निर्देश दिए हैं। दो सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शुक्रवार को यह नोटिस जारी किया है। आयोग ने नोटिस के तहत एफआईआर की स्थिति, घायलों के स्वास्थ्य और चिकित्सा उपचार एवं मृतकों और घायलों के परिवारों को मुआवजे के वितरण की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

### भारत ने कतर के समक्ष उठाया गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूपों को कब्जे में लेने का मामला

**नई दिल्ली :** भारत ने कतर के समक्ष स्थानीय प्रशासन की ओर से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को जब्त किए जाने का मुद्दा उठाया है। पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब का एक स्वरूप क़तर के अधिकारियों ने लौटा दिया है और यह आश्वासन दिया गया कि दूसरे स्वरूप को भी सम्मान के साथ रखा जाएगा। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने विदेश मंत्री और कतर में भारतीय राजदूत से इस मुद्देपर हस्तक्षेप की मांग की थी। उनका कहना था कि गुरु ग्रंथ साहिब के दो पवित्र स्वरूपों को दोहा में पुलिस ने जब्त कर लिया है और उन्हें इनकी वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सेबी ने अनिल अंबानी को शेयर बाजार से किया पांच साल के लिए बैन, 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया

**मुंबई :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने फंड की हेराफेरी के मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी को शेयर बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक एजेंसी ने अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही उनके किसी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर रहने पर भी पाबंदी लगाई गई है। सेबी ने शुक्रवार को उद्योगपति अनिल अंबानी सहित 24 अन्य संस्थाओं पर पूंजी बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना के साथ किसी भी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर पद के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

### केदार घाटी में मलबे में दबने से चार की मौत

**गुप्तकाशी :** केदार घाटी में गुरूवार सुबह से ही रुक रुक कर भारी बरसात हो रही थी। ऐसे में आधी रात करीब 1 बजकर 20 मिनट पर फाटा हैलीपैड के निकट 4 लोगों के अचानक मलबे में दब जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जिला आपदा प्रबंधन बल की टीम को घटनास्थल पर भेज दिया गया। सुबह होते होते तक चारों लोगों की दु:खद मौत की सूचना मिली। चारों मृतक नेपाली मूल के बताए जा रहे हैं जो संभवत: खच्चर आदि से तीर्थयात्रियों को लाने-ले जाने का काम करते थे। चारों मृतकों के शवों को रुद्रप्रयाग लाया गया।

### आरजी कर कांड के विरोध में भाजपा का थाना घेराव अभियान, कोलकाता से सिलीगुड़ी तक पुलिस से तकरार

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को थाने घेराव अभियान किया। इसके तहत पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम पुलिस थाने पर धावा बोल दिया। भाजपा के 100 से अधिक समर्थक शुक्रवार सुबह बैरिकेडिंग को तोड़कर थाने में घुस गए और जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उनके बीच धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। कुछ समय तक प्रदर्शनकारी पुलिस थाने के अंदर ही रहे।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिसकर्मियों ने स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने वाली मुख्य सड़क भी जाम कर दी, हालांकि बाद में वे वहां से चले गए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 24° |

## ट्रेन से 10 घंटे का सफर तय कर यूक्रेन के कीव पहुंचे पीएम मोदी



**प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की को गले लगाया और उनके कंधे पर हाथ रखा। इस दौरान जेलेंस्की भावुक हो गए, जब दोनों ने मारे गए बच्चों को मर्टीरोलॉजिस्ट एक्सपोजिशन में श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच उच्च स्तरीय बातचीत शुरू हुई।**

एजेंसी

**कीव :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से कीव में मुलाकात की। यह मुलाकात युद्धग्रस्त देश की ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा थी। प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की को गले लगाया और उनके कंधे पर हाथ रखा। इस दौरान जेलेंस्की भावुक हो गए, जब दोनों ने मारे गए बच्चों को मर्टीरोलॉजिस्ट एक्सपोजिशन में श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच उच्च स्तरीय बातचीत शुरू हुई। यह 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से भारत की ओर से पहला उच्च स्तरीय दौरा है। इससे एक महीने पहले मोदी ने रूस का दौरा किया था और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। पीएम मोदी ट्रेन से 10 घंटे का सफर तय कर यूक्रेन के कीव पहुंचे।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष बच्चों के लिए विनाशकारी : मोदी

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद मोदी ने एक्स पर ट्वीट किया। पीएम ने लिखा कि मैनें और राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कीव में मार्टिरोलॉजिस्ट प्रदर्शनी में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष विशेष रूप से बच्चों के लिए विनाशकारी है। इस संघर्ष में जान गंवाने वाले बच्चों के परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें इस दुख को सहने की ताकत मिले।

### युद्ध समाप्त होने की संभावना

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स लिखा कि चार दशकों के बाद पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा से भारत-पोलैंड संबंध व्यापक और गहरे होंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव कार्यालय ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से युद्ध को समाप्त करने की संभावना सामने आएगी।

### भाजयुमो के जन आक्रोश रैली में बवाल, रणक्षेत्र बना मोरहाबादी

# निर्णायक लड़ाई का हो चुका है आगाज: मरांडी

### लाठीचार्ज-पत्थरबाजी में कई भाजपा कार्यकर्ता और पुलिस घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान पूरी तरह से कुरूक्षेत्र बन गया। युवा भाजपा के बैनर तले प्रदर्शन कर रहें भाजयुमो नेताओं ने अपनी मांगों को लेकर आक्रोश रैली निकाला था। दूसरी ओर राज्य की विधि व्यवस्था को सम्भालते हुए पुलिस कर्मी उनके सामने गए। दोनों ओर की इस रस्साकशी में मोरहाबादी मैदान रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।बीजेपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई. जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले छोड़े. पुलिस की इस कार्रवाई में बीजेपी के कई कार्यकर्ता घायल हुए, जो रिम्स में भर्ती हैं. उन्हें देखने बीजेपी के वरिष्ठ नेता पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने जो कार्रवाई की है, वह जनरल डायर की याद दिलाती है.बालूमाथ के भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गंगेश्वर यादव को गंभीर चोट आई है. उनका इलाज रिम्स के ट्रामा सेंटर में चल रहा है. घायलों का हालचाल देखने कई भाजपा नेता आए। गंगेश्वर यादव को भाजपा का वरिष्ठ नेताओं ने भरोसा दिलाया कि पूरी पार्टी उनके साथ है. उनके इलाज में किसी तरह की कोई कोताही नहीं होने दी जाएगी.युवा आक्रोश रैली के मुखिया व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस के द्वारा की गयी कार्रवाई को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर साझा करते हुए लिखा कि ये आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन के फव्वारे और कंटीले तारों की घेराबंदी भी अब हेमंत सरकार को नहीं बचा पाएंगे। झारखंड के युवाओं को उनके हक़ की नौकरी, उनके हक़ का रोजगार और पिछले 5 सालों से हो रही नाइंसाफी का न्याय दिलाने के लिए निर्णायक लड़ाई का आगाज हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी, युवाओं को इंसाफ दिलाने के लिए हेमंत सरकार के हर दमनकारी कदम का मुंहतोड़ जवाब देगी। इसके बाद भाजपा के शीर्ष नेता भी इस कार्रवाई की निंदा करते दिखे। पुलिस लाठी चार्ज में कई अन्य कार्यकर्ता भी घायल हो गए हैं। इस पुलिसिया कार्रवाई में बोकारो नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल गौतम समेत पांच भाजपा कार्यकर्ता भी घायल हो गये।वहीं कई लोगों को चोटें आई है।

#### पुलिस पर किया पथराव

प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग तोड़ने के प्रयास करने वाले भाजयुमो कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तभी पुलिस पर पथराव करने लगे। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार को भी चोटें लगी। इसके साथ और भी कई पुलिस कर्मी को चोट लगी है।



#### भाजपा नेताओं ने कहा

भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार किसी काम की नहीं है। युवाओं को उसका हक अधिकार नहीं दे रही है। हक मांगने के लिए एकत्रित हुए तो कांटों वाली तारों से बैरिकेडिंग कर दिया फिर भी युवाओं सड़क पर प्रदर्शन किया तो उसपर लाठियां बरसाई गई ,यह राज्य के लिए दुखद है। भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच साल में युवाओं को हेमंत सरकार ने सिर्फ ठगा है। इस सरकार में शामिल मंत्री और विधायक अपना घर भरने में लगे हुए हैं। आदिवासी, दलितों और अल्पसंख्यकों को सिर्फ झांसा देकर सरकार चलाया जा रहा है। दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य के युवा आज सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए यहां जमा हुए हैं। हेमंत सरकार युवाओं से डरी हुई है। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह सरकार परिवार वाद में इस तरह डूब गयी है कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन को हटा दिया। साफ और सीधा अर्थ है कि इस परिवार वाली पार्टी में बाहर वालों की पूछ नहीं है।जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा तो ले रही है, लेकिन पेपर लीक हो जा रहा है। मेरिट लिस्ट निकल भी रहा है तो उसका कोई महत्व नहीं है। जेपीएससी का रिजल्ट अभी तक जारी नहीं किया गया है। केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री व रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि युवाओं के हुंकार से हेमंत सोरेन की सरकार डर गयी है। ऐसी डरी हुई सरकार मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखी है। चुनाव से पहले राज्य सरकार ने 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। सरकार ने नौकरी नहीं देने पर गद्दी छोड़ने की बात कही थी। हेमंत ने सन्यस लेने की बात की थी अब यही जवाब मांगने के लिए जनता यहां जुटी है।

## चंपाई से कोई नाराजगी नहीं : हेमंत सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चंपाई सोरेन प्रकरण मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि चंपाई सोरेन से उनकी कोई नाराजगी नहीं है। कहा कि उनकी नाराजगी से जुड़ा कोई मामला भी मेरे संज्ञान में नहीं आया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को दिवंगत सांसद सुनील कुमार महतो की पुत्री स्व अंकिता महतो को श्रद्धांजलि देने आए थे। वे जमशेदपुर परिसदन में मीडियाकर्मियों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे सवाल जहां से आ रहे हैं इसका जवाब वे ही बेहतर दे सकते हैं। पार्टी एकजुट है। भाजपा वाले ऐसे मामलों को हवा दे रहे हैं। जिस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी। उसी तरह आगामी विधानसभा में भी उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा के रांची आक्रोश मार्च के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा वाले उल्टा चोर कोतवाल को डांटे कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। जनता का आक्रोश भाजपा के प्रति बढ़ता जा रहा है। जिसे वे दूसरा रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी सह गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन भी आयी थीं। मुख्यमंत्री के जमशेदपुर दौरे के दौरान कोल्हान के पार्टी के खरसावां विधायक दशरथ गागराई को छोड़कर मंत्री, सांसद व सारे विधायक मौजूद रहें। विधायक दशरथ गागराई किसी दूसरे कार्यक्रम में व्यस्त थे। वैसे मंत्री दीपक बिरूआ,सांसद जोबा मांझी, विधायक रामदास सोरेन, मंगल कालिंदी, निरल पुर्ति, सुखराम उरांव, संजीव सरदार, सविता महतो के अलावे कोल्हान के पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। परिसदन में मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों एवं सांसद जोबा मांझी के साथ अलग से बैठक की एवं बाद में वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान जमशेदपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आयीं कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी मुख्यमंत्री से मिलने परिसदन पहुंची।

#### महिला कार्यकर्ताओं से मिली कल्पना सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जमशेदपुर परिसदन में पहुंचने के बाद काफी संख्या में झामुमो के स्थानीय नेता व महिला नेत्रियां, सहयोगी पार्टी कांग्रेस, राजद के नेता पहुंचे थे। महिला नेत्री मुख्यमंत्री व कल्पना सोरेन से मिलने के लिए उतावली दिखीं। सूचना मिलने पर उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को महिलाओं के पास भेजा। कल्पना सोरेने के बाहर आते ही महिलाएं शांत हो गईं। उसके बाद महिलाओं ने उनका स्वागत किया।

### एकला चलो की राह पर हैं हम : चंपाई सोरेन



**सरायकेला :** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी राह झारखंड मुक्ति मोर्चा से अलग कर लिया है। इसी कड़ी में दिल्ली से लौटने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कोल्हान दौरे पर हैं और क्षेत्र की जनता का मिजाज टटोल रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री गम्हरिया पहुंचे, जहां पूर्व मुख्यमंत्री का महिलाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा होने का भरोसा दिलाया।चंपाई सोरेन ने कहा कि उनकी बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नहीं हुई है, न ही वो अब झामुमो का रुख करेंगे। उन्होंने कहा कि जो प्यार और सम्मान क्षेत्र की जनता से मिल रहा है यह उनके लिए काफी है। नए अध्याय की पटकथा लिखी जा चुकी है जल्द ही इस पर पूर्णविराम लगेगा। चंपाई सोरेन ने साफ कर दिया है कि वे ना तो वो झारखंड मुक्ति मोर्चा तोड़ने जा रहे हैं ना ही वे पार्टी के किसी कार्यकर्ता को किसी प्रकार का सब्जबाग दिखाकर अपने पास बुलाने जा रहे हैं। वे एकला चलो के राह पर हैं और किसी अच्छे साथी की तलाश में हैं। जल्द ही इसका खुलासा भी होगा। संयम रखें।

## नेपाल : नदी में गिरी बस, 24 लोगों की मौत



एजेंसी

**काठमांडू :** मध्य नेपाल में शुक्रवार को एक भारतीय यात्री बस के मर्सियांगडी नदी में गिर जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, बस में 40 यात्री सवार थे। इस तरह चालक, सहचालक और कंडक्टर को मिलाकर बस में कुल 43 लोग थे। सभी यात्री महाराष्ट्र के बताए जा रहे हैं। बस ने 8 दिन के परमिट के साथ 20 अगस्त को रूपन्देही के बेलहिया चेक-पॉइंट (गोरखपुर) से नेपाल में प्रवेश किया था। दुर्घटना तनहुन जिले के आइना पहाड़ा में हुई।सशस्त्र पुलिस बल नेपाल आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण विद्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) माधव पौडेल के नेतृत्व में 45 कर्मियों की एक टीम दुर्घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। बचाव अभियान शुरू किया जा चुका है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 24 शव बरामद किए गए हैं। 16 को सुरक्षित बचा लिया गया है. जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर से यात्रियों को लेकर नेपाल गई एक भारतीय बस शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गई। बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी। तनहुन के एसपी बीरेंद्र शाही ने हादसे की जानकारी दी है। स्थानीय पुलिस कार्यालय के निरीक्षक अबू खैरेनी मौके पर मौजूद हैं। सेना और सशस्त्र बलों को सूचित कर दिया गया है। बस का नंबर यूपी 53 एफटी 7623 बताया जा रहा है। आगे की जानकारी का इंतजार है।

## कनहर बराज का काम शुरू करने में देरी क्यों : हाई कोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने पलामू एवं गढ़वा में सिंचाई के लिए प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना अब तक शुरू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि इस परियोजना में देरी पर सरकार को जनता के समक्ष जवाब देना होगा। पलामू एवं गढ़वा की जनता पानी की समस्या से जूझ रही है। वर्षों से वहां आकाल की स्थिति बनी रहती है। लंबे समय से कनहर बराज परियोजना के संबंध में प्रक्रिया चल रही है लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। यहां तक कि कनहर बराज के लिए जमीन अधिग्रहण, वन भूमि का क्लीयरेंस, एनवायरमेंट क्लीयरेंस आदि का काम पूरा नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के लचीले रुख के कारण केंद्र सरकार से फंड भी अब तक आवंटित नहीं हो सकी है। पहले राज्य सरकार को कनहर बराज के अधूरे काम को पूरे कर लेना चाहिए था। फिर फंड के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाना चाहिए था। कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना के देरी का कारण बताने के साथ-साथ कनहर बराज प्रोजेक्ट को लेकर फॉलो अप एक्शन दो सप्ताह में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि वर्ष 2010 में भी राज्य सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए पांच साल का समय मांगा गया था, अब वर्ष 2024 में भी 8 साल का समय मांगा जा रहा है। यह जनहित याचिका शुरू हुए 14 साल से अधिक का समय बीत चुका है। राज्य सरकार को कनहर बराज परियोजना की सारी बाधाओ को जल्द पूरा कर इसका निर्माण करना था।




## प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाएं नगर निकाय : प्रधान सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि हर शहरी गरीब परिवार के पास उनका अपना आवास हो और उनके अपने ही शहर में उन्हें रोजगार मिले इसको लेकर राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। उन्होंने शुक्रवार को राज्य के नगर निकायों की समीक्षा बैठक में कहा कि नगर निकाय, गरीबों को आवास दिलाने, रोजगार उपलब्ध कराने, सभी नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, शहर की साफ सफाई के साथ-साथ कैसे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो इसपर संवेदनशीलता के साथ कार्य करे।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शनिवार, 24 अगस्त 2024 | पेज 4


## बुण्डू के बटुका मे आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू स्थित बटुका खेल मैदान में आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव की पूर्व विधायक निर्मला देवी मौजूद थी।



आयोजन समिति के द्वारा पूर्व विधायक निर्मला देवी का बुके देकर स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।जिसमे इचापीरी की टीम ने 2-0 से मैच जीत लिया।दुसरा मैच युवा क्लब चुरुगाड़ा बनाम कुटकी पूर्णाडीह के बीच खेला गया।इस मैच मे चुरुगाड़ा की टीम ने 3-0 से मैच जीत लिया।वही तीसरा मैच लिटिल स्टार बरतुवा बनाम 1932 खतियानी टीम बटुका के बीच खेला गया,जिसमे लिटिल स्टार क्लब की टीम 1-0 से मैच को जीत लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक निर्मला देवी ने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में खेल के प्रति काफी जोश एवं जज्बा देखा जाता है।उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा।उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और गांव का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश चौधरी,सचिव सुमन उरांव,महेंद्र उरांव,मुनेस उरांव,रामचंद्र उरांव,पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष मोहन करमाली,सुरेंद्र साव,सुरेश साव,मुनेश्वर महतो,उपेंद्र महतो,रोहित उरांव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कर्रा के रोन्हे गांव में एक व्यक्ति ने किटनाशक खाकर आत्महत्या की

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के रोन्हें गांव? निवासी सूरजन गोप उम्र 41 वर्ष गुरूवार शाम को मिर्चाई पौधा में डालने वाला किटनाशक खाकर आत्महत्या कर लिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजन गोप पिछले कुछ दिनों से नशा का काफी आदि हो गया था. सूरजन गोप ने गुरूवार को घर पर रखे मिर्चाई पौधा में डालने वाला किटनाशक दवा को खा लिया. सूरजन गोप कि किटनाशक दवा खाने खबर मिलते परिजनों उन्हें आनन फानन में चिकित्सा के लिए नगड़ी थाना क्षेत्र के किसी चिकित्सक के पास ले गये. जहां चिकित्सक द्वारा सूरजन गोप के पेट धुलाई व सफाई किया गया लेकिन जहर इतना फैला गया था कि सूरजन गोप को बचाने में चिकित्सक ना कामयाब रहा और सूरजन गोप कि मौत हो गयी. वहीं सूरजन गोप के शव परिजनों द्वारा वापस रोन्हे गांव लाया गया. तभी शुक्रवार सुबह को घटना कि जानकारी कर्रा पुलिस को दिया गया. घटना कि जानकारी मिलने पर कर्रा पुलिस रोन्हे गांव पहुंचकर शव को कब्जे में करके पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया. वही पोस्टमार्टम के बाद शव? को परिजनों को सौंप दिया गया. आत्महत्या करने के कारण का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है मृतक सूरजन गोप अपने पिछे पत्नी सहित एक बेटा व एक बेटी छोड़ गये है लेकिन बेटी की शादी करा चुके हैं।

## ट्रक पार्किंग स्थल पर्यटन पार्क के लिए उपयुक्त नहीं

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी सीमेंट फैक्ट्री परिसर में कोयला लेकर आने वाले ट्रकों का पार्किंग स्थल पर्यटन पार्क निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है। उस जगह पर पर्यटन के दृष्टिकोण से पार्क बना तो हमेशा कोयले की काली धूल से पटा रहेगा। पार्क में जो भी चीजें बच्चों अथवा लोगों के मनोरंजन के लिए बनाई जाएंगी, वह काली धूल से भरा रहेगा। मालूम हो कि उक्त स्थल पर डीएमएफटी मद से पार्क बनाना तय हुआ है। पार्क के लिए भूमि का चयन कर लिया गया परंतु सीमेंट कारखाना में कोयला ट्रकों के आवागमन से उस पार्क की जो अवस्था होगी उसपर विचार नहीं किया गया। डीएमएफटी पद से एकबार खर्च कर पार्क निर्माण करा दिया जाएगा। परंतु प्रतिदिन धूल की साफ सफाई कौन करेगा। इस प्रकार का बड़ा उदाहरण खलारी तालाब है।यह जगह पार्क के लिए काफी उपयुक्त होगी। यहां क्षेत्र की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी आ जा सकेंगे। उधर ट्रकों के पार्किंग स्थल पर पार्क बनाने के निर्णय का विरोध शुरू हो गया है। पार्किंग संचालन समिति के रंजनसिंह बिट्टू ने कहा कि ट्रकों के पार्किंग से आसपास के चार गांवों के लोगों को लाभ मिलता है। हजारो युवा व ग्रामीण पार्किंग से लाभ पाते हैं। इस क्षेत्र में ऐसे भी रोजगार का कोई साधन नहीं है। पार्किंग समिति आसपास के गांवों में जनहित में कई कार्य करती है। पार्किंग स्थल पर पार्क बनाने का निर्णय युवाओं के रोजगार छीनने का षड्यंत्र है। कहा कि आवश्यकता पड़ी तो विरोध के लिए ग्रामीण सड़क पर उतरेंगे।

## डॉक्टर के पदस्थापन होने के बाद भी पदभार ग्रहण नहीं करना यह प्रश्न चीन खड़ा करता है : मुर्तजा आलम

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार द्वारा इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले माह डॉक्टर के स्थानांतरण एवं पदस्थापन किए जाने के मामले पर आजसू ज़िला सचिव मुर्तज़ा आलम ने कहा कि सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का निकम्मेपन व लापरवाह होने का मामला एक बार फिर उजागर हो गया कि विभाग के पत्र संख्या 542(3) के द्वारा 31 जुलाई को इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. सुनील जार्ज कंडुलना का चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में स्थानान्तरण किया गया है और करीब बीस दिन गुजर जाने के बाद भी उक्त डाक्टर का पदस्थापन अबतक बदहाल स्वास्थ्य केंद्र में नहीं किया जा सका है। जबकि इस बीच इटकी के ग्रामीणों द्वारा उक्त बदहाल स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर का पदस्थापन और संसाधन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर भीक्षाटन कर प्राप्त राशि सिविल सर्जन रांची को भेजने पर विवश होना पड़ा है। इधर बुद्धिजीवी मंच के संस्थापक बिनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि उक्त केंद्र में डॉक्टर के दो पद स्वीकृत के विरुद्ध एक अन्य महिला डॉक्टर के पदस्थापन एवं केंद्र में आवश्यक सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराने की माँग कि गई है।

## युवा आक्रोश रैली में खलारी भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली में शुक्रवार को खलारी भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझु के नेतृत्व में खलारी से काफी संख्या में कार्यकर्ता वाहनों में सवार होकर रांची मोरहाबादी में गए। इससे पूर्व सभी भाजपा कार्यकर्ता खलारी झील होटल के पास एकत्र हुए, जहां से एक साथ नारेबाजी करते हुए रांची मोरहाबादी के लिए रवाना हुए। आक्रोश रैली में जाने वालों भाजपा कार्यकर्ताओं में विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, अरविंद सिंह ,भरत रजक, रामसूरत यादव, शशि प्रसाद साहू, जितेन्द्रनाथ पाण्डेय, फुलेश्वर महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशु सिंह, शत्रुंजय सिंह, चतुर्गुण भुइयां, कुलदीप लोहरा, कुलदीप प्रसाद साहू, राधेश्याम प्रसाद, रविन्द्र मुंडा, सुनील गिरी, अभिषेक चौहान, रतनलाल, भरत महतो, मनोज सिंह, दिलीप गंझु, दिलीप पासवान, प्रताप यादव कुलदीप लोहार सोनू तुरी, मुकेश यादव कमलेश महतो, भरत प्रजापति प्रदीप ठाकुर, सरोजनी देवी, शिव चौधरी, विष्णु मुंडा आदि का नाम शामिल हुए।

## फुटकलटोली लैम्प्स चोरी मामले का हुआ खुलासा दो नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रातू :** पुलिस ने थाना कांड संख्या 259/24 का खुलासा करते हुये दो नाबालिग समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें पिर्रा निवासी स्व बिमल मुंडा का पुत्र 24 वर्षीय सोमरा मुंडा होटवार और दो डुमरदगा स्थित बाल सुधार गृह भेजे गये। तीनों पिर्रा के रहने वाले हैं। इन पर 28 जुलाई की रात फुटकलटोली लैम्प्स से लैपटॉप आदि सामान की चोरी करने का आरोप है। आरोपियों की निशानदेही पर उसे बरामद कर लिया गया है। मामले को लेकर लैम्प्स के सचिव शशिकांत पांडेय की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इधर, थानेदार शशिभूषण चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि थाने में अंकित अन्य कांडों के खुलासे को 3हैं। उन्होंने मामले के जल्द उद्भेदन की उम्मीद जताते हुये क्षेत्र के नागरिकों से सहयोग की अपील की है। ताकि, अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

## जल जमाव के कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी, स्कूल प्रबंधक मौन साधे हुए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड के सिंगपुर में आरटीसी पब्लिक स्कूल है जिसमें दो हजार के लगभग बच्चे पढ़ते है, और उसी स्कूल के बगल में सिंगपुर नर्सिंग होम भी है। जहां रोजाना मरिजों का आना जाना लगा रहता है। स्कूल और नर्सिंग होम के बीच में एक सड़क है जिसमें मरीजों और स्कूल के बच्चों का आना जाना लगा रहता है लेकिन उस सड़क पर बरसात के समय काफी दुर तक पानी का जमाव हो जाता है जिससे स्कूल के बच्चों को काफी परेशानी होती है। बच्चे उस गन्दी पानी से पार होकर स्कूल आना जाना करते हैं और कभी कभी उसमें फंस कर गिर जाते हैं। स्कूल के सामने पीसीसी सड़क बन जाने से और भी उस कच्चे सड़क पर बरसात का पानी भर गया है।रोजाना इस तरह से बच्चों को पार होते हुए स्कूल के शिक्षक , प्रिंसिपल देखते हैं लेकिन किसी प्रकार का समाधान नहीं करते हैं। परिजनों का कहना है की स्कूल के तरफ से उस गढ्ढे पर मिट्टी डालकर भर देना चाहिए जिससे बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए परेशानी ना हो।

## मुखिया भुनेश्वर बेदिया के नेतृत्व में आजसू पार्टी की बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** नवागढ़ पंचायत बरवा टोली में मुखिया भुनेश्वर बेदिया की अगुवाई में आजसू पार्टी का बैठक किया गया 7 जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा हेमंत सोरेन सरकार की विकास योजना सिर्फ विज्ञापनों रह गई है धरातल पर कुछ भी नही है युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ धोखा मिला है इसलिए जानता भी मौका देना नही चाहती है इसकी तैयारी चुल्हा प्रमुख और ग्राम प्रभारी गांव स्तर पर तैयार कर ली गई इसका बदलाव विधानसभा चुनाव पर दिखेगा 7 इस मौके पर अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, जगदीश बेदिया, ग्राम प्रभारी ललिता कुमारी, बिनती देवी, ग्राम प्रधान महाबीर बेदिया, हारिनाथ बेदिया, सुखदेव बेदिया, आदि लोग मौजूद रहे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का 15वें कॉन्फ्लुएंसरू एसआईएस लिटरेसी कर्न्वजेंस में शानदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने मुंबई में आयोजित 15वें कॉन्फ्लुएंसरू एसआईएस लिटरेसी कर्न्वजेंस में अपने शानदार प्रदर्शन से सफलता प्राप्त की। इस राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में देश भर के 18 स्कूलों ने भाग लिया। कक्षा नौवीं की कृतिका सरकार ने 'मल्टी-फॉर्मेट इंग्लिश डिबेट्स' के टर्नकोट सेगमेंट में 'बेस्ट स्पीकर' का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, कक्षा ग्यारहवीं के नभ्या लाल और कृतिका सरकार को 'क्रिएटिव राइटिंग' में 'ओवरऑल बेस्ट डेलिगेशन' से सम्मानित किया गया।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की इस महत्वपूर्ण सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनकी उत्कृष्टता को सराहा। उन्होंने अन्य छात्रों को भी वैश्विक मंचों पर भाग लेकर अपने कौशल को निखारने और नए

## युवा आक्रोश रैली में शामिल हुए पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रांची के मोराबादी में आयोजित युवा आक्रोश रैली में सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।जानकारी के अनुसार भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता बचरा चार नंबर चौक से रवाना हुए। रांची जाने से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।वही पिपरवार क्षेत्र के बेती गांव से भाजपा नेता धनराज भोक्ता के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता रांची रवाना हुए।रांची जाने से पूर्व सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी लोग बस एवं अन्य वाहनों पर सवार होकर एक साथ रांची के लिए रवाना हुए।रांची जाने वालों में मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, अश्विनी दराद, मुखिया रीना देवी, दिलीप अम्बष्ट, अजय कुमार सिंह, रविंद्र सिंह,धनराज भोक्ता,आदित्य केशरी ,रवि केशरी,संजय भोगता, महेंद्र गंझू,सोनू केशरी,निखिल केशरी,गोलू केशरी,रामलाल महतो, रामजी केशरी, रितेश केशरी, दिलीप उरांव,विजय उरांव, बिनोद उरांव,धर्मेंद्र उरांव, रंजन उरांव,दयानंद राम, अंकित केशरी,बासदेव गंझू,करण महतो, अंजन उरांव, जगदीश ठाकुर, मुनेश्वर गंझू सहित कई कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया।इस अवसर पर कक्षा सातवीं के बच्चों ने विशेष सभागार में अंतरिक्ष का मॉडल बनाया एवं चंद्रयान-3 का चंद्रमा पर सफल स्थापना का वर्षगांठ भी मनाया।स्कुल के वरीय शिक्षक आरबी प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।बताया गया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आज के दिन चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना और भारत की अंतरिक्ष गाथा पर देशभर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक आरबी. प्रसाद ने कहा कि भारत के लिए 23 अगस्त देश की अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण दिन है,जो चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद पहली बार मनाया जा रहा है। बता दें कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा कोई नई नहीं है।इसरो ने इससे पहले भी कई बड़े अंतरिक्ष मिशन को सफल बनाया है। 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करके चौथा देश बनने का गौरव हासिल किया और पहली बार दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरने का अद्वितीय कारनामा भी किया।चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की याद में 23 अगस्त को आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया गया है,जो भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं का प्रतीक है। इस समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाऐ और बच्चें भी उपस्थित थे।

## बेड़ो के पंडरा में जंगली हाथी ने मकान का दरवाजा तोड़कर अनाज खाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के पंडरा गांव में बृहस्पतिवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे विशाल जंगली हाथी द्वारा उत्पात मचाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना से बनी पक्का मकान का दरवाजा तोड़कर घर में रखा अनाज गेहूं, चावल, मिर्च को चैट कर गया। वहीं पीड़ित परिवार सामू मुंडा अपनी जान बचाकर घर से भाग खड़े हुए। वहीं सूचना पाते हैं पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया पीड़ित परिवार से मिलकर मुआवजा दिलाने की बात कही। साथ ही दूरभाष के माध्यम से वनक्षेत्र पदाधिकारी को घटना से अवगत कराया। इधर घटना के बाद पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देते हुए घटनाक्रम का जानकारी देते हुए क्षेत्र की समस्या के समाधान की बात कही। इसे गंभीरता नहीं लिए जाने पर आंदोलन करने का चेतावनी दिया है।

## बारिस से कच्चा घर छतिग्रस्त

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हरिहरपुर जमटोली पंचायत के खाक्सी टोली गांव निवासी खेडेया टाना भगत के कच्चा घर गुरुवार को बारिश से गिर गया। घर के एक हिस्सा गर जाने से घर में रखे घरैलू उपयोग के समान बर्बाद हो गये। खेडेया टाना भगत लकवा ग्रस्सीत है। खबर मिलने पर पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया एवं पूर्व मुखिया सह समाजसेवी सुनील कच्छप पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर क्षतिग्रस्त कच्चा घर का जायजा लिया। हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए आपदा प्रबंधन के तहद यथाशीघ्र मुआवजा दिलाने की बात कही।

## एक बियरिंग के लिए एक सप्ताह से बंद है खलारी के 25 हजार आबादी की जलापूर्ति



ठप पड़ा है खलारी के बुकबुका स्थित 5.5 एमएलडी वाटर फिल्टर प्लांट

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के पांच पंचायतों की करीब 25 हजार आबादी की जलापूर्ति मात्र एक बियरिंग के खराब हो जाने से विगत पांच दिनों से ठप है। खलारी प्रखंड के बुकबुका महावीरनगर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का 5.5 एमएलडी का वाटर फिल्टर प्लांट है। इस प्लांट का संचालन बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना की कमेटी करती है. परंतु दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि करोड़ों के लागत से निर्मित इस प्लांट से कभी भी लोगों को प्रतिदिन नल से पानी नहीं मिल सका। साल के चार महीने सपही नदी में पानी नहीं होने का कारण बताकर जलापूर्ति बंद रखा जाता है। अब जब की नदी में पर्याप्त पानी है तब तकनीकी कारण का हवाला दिया जा रहा है। बताया गया कि करंजतोरा स्थित संप मोटर व पंप को जोड़ने वाली बियरिंग में खराबी आ गयी है। पंप व मोटर का दो सेट लगा है। ताकि एक के खराब होने पर दूसरे से जलापूर्ति जारी रखा जा सके। परंतु प्रबंधन का इतना बुरा हाल है कि एक ही समय दोनो पंप मोटर खराब बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 7316 नंबर की एक बियरिंग खराब है जो रांची के बाजार में भी नहीं मिल रही है। कहा गया कि रांची के किसी दुकानदार ने आर्डर करने के बाद दो दिनों में बाहर से मंगाने की बात कही है। इसकी कीमत करीब 25 हजार रूपए बताई जा रही है। प्लांट के स्टोर में केमिकल के अलावा आवश्यक स्पेयर्स नहीं है। संचालन समिति उपभोक्ताओं द्वारा जलशुल्क नहीं मिलने से पैसे की कमी का हवाला देती है। ऐसी तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए एक अनुभवी तकनीशियन भी नहीं है। फिल्टर प्लांट आपरेट करने वाले कर्मी ही अपने अनुभव के आधार पर बियरिंग बदलने में लगे हैं। उधर फिल्टर प्लांट में पानी सफाई की यांत्रिक विधि गियर का दांता खराब होने से पहले से ही बंद है। केवल केमिकल के भरोसे नदी के पानी की सफाई की जा रही है। प्रबंधन व व्यवस्था के इस हाल में खलारी के लोगों को नियमित वाटर सप्लाई की उम्मीद रखना बेमानी है।

## सजगता से समस्याओं को देंगे मात, सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हों : शिल्पी नेहा तिर्की

मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का क्षेत्र भ्रमण, समस्याओं की ली जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि अपनी सजगता और मांडर की जनता के साथ के बलबूते क्षेत्र की सभी समस्याओं के समाधान का उनका दृढ़ संकल्प है और इससे वह चुनौतियों से निपटने एवं समस्याओं को मात देने की क्षमता रखती हैं.



आज अपने विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होने को कहा। श्रीमती तिर्की ने आज इटकी प्रखण्ड के ग्राम रानीखटंगा, कुंदी, बारीडीह और मलती का दौरा किया और ग्रामीणों से मुलाक़ात की। इस दौरान श्रीमती तिर्की ने लोगों को अबुआ आवास, सावित्री बाई फुले योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से इसका अधिक-से-अधिक लाभ उठाने के बारे में बतलाया. उन्होंने सड़क, पेयजल, बिजली जैसी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान श्रीमती तिर्की के साथ राजन किस्पोटा, महिला पंचायत अध्यक्ष फ्रांसिस्का, लखन उरांव, ओबीसी अध्यक्ष अजय साहू, मुखिया फ्रांसिसका, अब्बू माज, अबरार, प्रभात, शिशु साहू, अजय मिंस, अब्बास, शमीम अंसारी सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर हेंसल में होगा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजनगर प्रखंड क्षेत्र के हेंसल ग्राम में आगामी 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें कथा प्रवचन परम पूज्य श्री धीरूभाई महाराज जी द्वारा सुनाई जाएगी। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 28 अगस्त से 3 सितंबर तक चलेगी। भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी पर कलश यात्रा 26 अगस्त सोमवार को सुबह 7 बजे निकल जाएगी, वहीं रात्रि 9 बजे कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा अर्चना की जाएगी। भागवत कथा 28 अगस्त की संध्या 5 बजे से शुभारंभ होगा। भागवत कथा के समापन के दूसरे दिन 4 सितंबर को दोपहर 2 बजे पालकी यात्रा एवं भंडारण का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कृष्ण जन्माष्टमी पूजा कमेटी हेंसल के सदस्यगण राजनगर एवं पोटका प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों तक पहुंच कर प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

## यूसील में वरीय अधिकारियों का तबादला, राकेश कुमार बने नरवा माइंस एजेंट



**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूसील में कई वरीय अधिकारियों का तबादला हुआ है। इस तबादले में पूर्व कार्मिक उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार को नरवा यूरेनियम प्रोजेक्ट के माइंस एजेंट की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं नरवा पहाड़ के माइंस एजेंट मनोरंजन महाली जादूगोड़ा ग्रुप ऑफ माइंस के एजेंट के रूप में यूसील की तीन यूरेनियम माइंस मसलन जादूगोड़ा, भाटीन व बागजाता यूरेनियम माइंस का उत्पादन देखेंगे। दोनों अधिकारियों ने अपना पदभार संभाल लिया है। मौके पर नरवापहाड़ में समारोह आयोजित की गई जहां कंपनी के वरीय अधिकारियों ने राकेश कुमार व मनोरंजन महाली को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। समारोह में चीफ मेडिकल ऑफिसर श्रीमति भट्टाचार्य, एस एन महतो, खोम राज परगनिया, जय प्रकाश झा, एम के सिंह समेत काफी संख्या में अधिकारियों ने भाग लिया। इसकी अधिसूचना यूसील के तकनीकी निर्देशक मनोज कुमार ने जारी है।

## कोलकाता की बेटी को न्याय दिलाने कांड्रा की महिलाएं उतरी सड़क पर, निकाला कैंडल मार्च



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की रेजीडेंट चिकित्सिक के साथ हुई वीभत्स घटना से आक्रोशित कांड्रा की महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा कांड्रा एसकेजी दुर्गा मंदिर से कैंडल मार्च भी निकाली गई। इस मौके पर सड़कों पर उतरी प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोपितों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने और उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की। कैंडल मार्च कांड्रा एसकेजी कॉलोनी से शुरू होकर कांड्रा बाजार, स्टेशन चौक, थाना मोड़ व बस स्टैंड सहित कई इलाकों में भ्रमण करते हुए पुनः कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। तत्पश्चात, महिलाओं ने दिवंगत चिकित्सक को श्रद्धांजलि अर्पित की और चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की मांग सरकार से की। इस कैंडल मार्च में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## खेल मेला के माध्यम से स्कूल को मनोरंजक स्थान बनाया जा सकता है : प्रधानाध्यापक



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को सृजन महिला विकास मंच, चक्रधरपुर के द्वारा इएलएमएस फाउंडेशन के सहयोग से संचालित छलांग परियोजना के अन्तर्गत नालिता पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरमुण्डा में खेल मेला का आयोजन किया गया। आयोजन में विद्यालय के कक्षा 6-8 के 45, कक्षा 1-5 के 40 बच्चों और 46 अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। खेल मेला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल के माध्यम से शिक्षा के प्रति रुचि को विकसित करना, शारीरिक शिक्षा के महत्व को बढ़ाना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का निर्माण करना, लिंग आधारित भेदभाव को कम करना और स्कूल में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना था। परियोजना समन्वयक, मोहम्मद इस्लाम अंसारी ने कहा, ÷हम खेल मेला के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी खेल और शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुखन महतो ने कहा कि खेल मेला के माध्यम से स्कूल को मनोरंजक स्थान बनाने की दिशा में सृजन महिला विकास मंच का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

## भारत स्काउट गाइड का कैंप : सीमित संसाधनों के साथ भी स्काउट गाइड ने दिखाया अपना जज्बा



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में भारत स्काउट गाइड द्वारा आयोजित कैंप में स्काउट गाइड के बच्चों ने सीमित संसाधनों के साथ अपना कैंप और ग्रैंड कैंप फायर का प्रोग्राम संपन्न किया गया। इस दौरान उन्हें टेंट लगाना था और फायर कुकिंग करनी थी, जिसमें उनका कुकिंग टेस्ट शिक्षकों और प्रशिक्षक द्वारा देखा गया। बारिश होने के कारण उनका टेंट भी टूट गया और उनके द्वारा लाई गई लकड़ियां बारिश में भीग गई, परंतु इसके बावजूद उन्होंने अपना खाना बनाया और टेंट लगाया। कार्यक्रम में स्काउट गाइड द्वारा जनजातीय नृत्य, जनजातीय संगीत, अभी पूरे देश में चल रहे समस्याओं का स्टेज प्ले यानी ड्रामा और स्काउट गाइड के प्रशिक्षण में सिखाए गए आपातकालीन स्थितियों में किस प्रकार से प्रबंधित करना चाहिए और साथ ही बांग्ला संगीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन एक बहुत अच्छे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री हेमंती सिंह ने किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। शिक्षक कौशलेंद्र कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पटमदा +2 उच्च विद्यालय में नन्हें रचनाकार रीडिंग क्लब की हुई शुरुआत

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बच्चों में रचनात्मकता व संवाद कौशल को बढ़ावा देने हेतु विद्यालय स्तर पर रचनात्मक गतिविधियों का निरंतर आयोजन की आवश्यकता होती है। पटमदा स्थित राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय, पटमदा के प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार व सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन की पहल पर विद्यालय में नन्हें रचनाकार रीडिंग क्लब की शुरुआत की गई है। रीडिंग क्लब की शुरुआत के मौके पर स्टोरी टेलिंग सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रेमचंद, रविंद्रनाथ टैगोर, शरतचंद्र, महादेवी वर्मा, अन्ने फ्रैंक जैसे महान लेखक लेखिकाओं की जीवनियों व कालजयी रचनाओं के संदर्भ को सुनाते हुए रचनात्मक सोच को बढ़ावा देकर जीवन को नई दिशा देने को प्रेरित किया गया। बताया गया कि साहित्य व कहानियों के अध्ययन से हम बेहद आसानी से कहानी कहने की कला सीख सकते हैं, निरंतर अध्ययन से हम रोजाना नए नए शब्द सीखेंगे जो हमारे भाषा को निरंतर बेहतर बताने जायेंगे जो हमें कहानी कहने की कला और अपनी रचनाये तैयार करने को भी प्रेरित करेंगे।

# कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने किया कोल्हान प्रमंडल के 94 लाभुकों के बीच 5 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

▶ **जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में लैम्पस, पैक्स व विशेष सहकारी समिति तथा सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी को मिला प्रशस्ति पत्र**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को रविन्द्र भवन, साकची के सभागार में प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल हुईं। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी, संजीव सरदार व समीर मोहंती, सहयोग समिति के निबंधक सूरज कुमार, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, तीनों जिला सहकारिता पदाधिकारी, विभिन्न सहकारी संघों के प्रबंध निदेशक, लैम्पस/ पैक्स, विशेष प्रकार के सहकारी समिति के अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारिणी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्री के हाथों 94 लाभुकों/ समितियों के बीच 4 करोड़ 85 लाख रुपए से ज्यादा की परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। जिसमें सस्टेनेबल हार्वेस्टिंग टूल किट, लाह खेती योजनान्तर्गत प्रयुक्त होने वाले टूल किट्स, फसलोत्तर प्रबन्धन योजना के तहत लैक स्क्रैपर सह क्रशर मशीन, केसीसी, माइक्रो एटीएम, मोबाइल वेंडिंग कार्ट, मत्स्य जीवी सहयोग समिति हेतु आईस बॉक्स, टाना जाल, इलेक्ट्रॉनिक बैलेंस आदि वितरित किया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि किसानों, सहकारी समिति के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं, सरकार पूरा सहयोग करेगी। सरकार का प्रयास है कि कृषकों के उत्पादों की खरीद-बिक्री, उपकरण संबधी सहयोग हो या कृषि ऋण माफी, धान अधिप्राप्ति में उचित समय में भुगतान हर दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं। कहा कि महिलाएं कृषि, पशुपालन के कार्यो का नेतृत्व करें। राज्य भर में 100 एमटी और 500 एमटी गोदाम बनाये जा रहे हैं ताकि अनाज सुरक्षित रखा जा सके। 31 अगस्त तक सभी किसानों से उन्होंने फसल बीमा का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की बात कही। कार्यक्रम में विधायक संजीव सरदार ने कहा कि किसानों को सशक्त करने, कृषि के साथ-साथ अन्य व्यवसाय करने सहित कृषि, पशुपालन, बागवानी को बढ़ावा देने, नई तकनीक से उन्नत उत्पाद से आर्थिक समृद्धि लाने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है।

विधायक समीर मोहंती ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर तबके के उत्थान के लिए योजनायें चला रही है। कृषक/ अन्नदाता की समस्याओं, उनके उत्पादों को सही कीमत दिलाने, कृषि के नई तकनीक से अवगत कराकर उनको आर्थिक रूप से समृद्ध करने का प्रयास सरकार कर रही है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि किसानों के उम्मीदों/सपनों को साकार करने के लिए सहकारिता सशक्त माध्यम बन सकता है। उन्होने सहकारिता के कार्यो को पारदर्शिता व ईमानदारी से लागू करने की आवश्यकता बताई ।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पूर्व सांसद की दिवंगत पुत्री को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को पूर्व सांसद दिवंगत सुनील महतो तथा पूर्व सांसद सुमन महतो के जमशेदपुर सोनारी स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां पूर्व सांसद सुमन महतो की दिवंगत पुत्री अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सुमन महतो एवं उनके अन्य शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया। मौके पर मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, सांसद जोबा मांझी, विधायक रामदास सोरेन, सुखराम उरांव, सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, समीर मोहंती व विधायक मंगल कालिंदी सहित अन्य लोगों ने भी दिवंगत अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## जादूगोड़ा में यूसील कर्मियों ने भेदभावपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ बाबूलाल सोरेन से लगाई गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा यूसील अस्पताल चौक स्थित सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को ज्यादा गहमागहमी देखी गई। यहां घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों की समस्याएं समाजसेवी बाबूलाल सोरेन ने सुनीं। यूसील कर्मियों ने कम्पनी क्वार्टर को लेकर कंपनी प्रबंधन द्वारा की जा रही निर्दोष लोगों पर कारवाई पर विरोध जताया व बाबू लाल सोरेन से बचाने की गुहार लगाई। कंपनी कर्मियों ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन अपने आवासीय कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे बाहरी लोगों पर कारवाई के नाम पर भेदभाव बरत रही है। वैसे कर्मचारियों को भी निशाना बनाया जा रहा है जिनके घरों में यूसील कर्मियों के परिवार रहते हैं या कृषि कार्य में गांव से बाहर है। उन्हें भी नोटिस थमाकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलोनी परिसर में कई अवैध निर्माण हो रखा है, जिस पर कंपनी प्रबंध खामोशी का चादर ओढ़कर सो रही है। अंत में कंपनी कर्मियों ने भेदभावपूर्ण कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग बाबू लाल सोरेन से की है। मौके पर समाजसेवी बाबूलाल सोरेन के सौजन्य से सोनिया बास्के, मुसाबनी 1 नंबर निवासी को श्राद्धकर्म करने के लिए राशन सामग्री, सब्जी एवं आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान किया गया। इसके पूर्व सुरदा न्यू टाउन से पोमा किस्कू की अगुवाई में पहुंची महिला प्रतिनिधिमंडल ने जर्जर क्वार्टर की मरम्मती का मुद्दा उठाया व परेशानी से अवगत कराया। इस मौके पर बाबूराम सोरेन, मुन्ना मुखी, बिमल मार्डी, योगेश तियु, लखन मुर्मू, रघु टुडू, वारसा टुडू, भोगला मार्डी व सुभाष कर्मकार आदि उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक अरविंद सिंह के नेतृत्व में ईचागढ़ से भाजपा कार्यकर्ताओं का जत्था आक्रोश रैली में शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ईचागढ़ :** ईचागढ प्रखंड क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का जत्था पूर्व विधायक अरविंद सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए। सैकड़ों वाहनों का काफिला के साथ टीकर मोड़ से नारेबाजी करते हुए रांची के लिए सभी एक साथ प्रस्थान किए। युवा आक्रोश रैली के वाहनों को ईचागढ़ पुलिस द्वारा रोक देने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना तेवर दिखाते हुए काफिले को रवाना किया। हजारों कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने रोका, टीकर पुल के पास प्रशासन से कार्यकर्ताओं ने उलझते हुए अलग-अलग रास्तों से काफिले को रवाना किया। कार्यकर्ताओं से भरी बसों और अन्य वाहनों को प्रशासन के द्वारा जबरन रोका गया। भाजपा नेता व कार्यकर्ता इस दौरान पुलिस से उलझ गए । तमाम नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा इस पर सवाल करने पर प्रशासन कुछ भी बताने में असमर्थ दिखा। इस दौरान आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी पार्टी अपने अधिकारों को लेकर रैली, जनसभा, घेराव आदि कार्यक्रम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा शांति पूर्ण तरीके से और अनुशासित होकर कार्यक्रम आयोजित करते हैं तो फिर राज्य सरकार के इशारे पर कार्यकर्ताओं को रैली में शामिल होने से रोका जाना किस मानसिकता का दर्शाता है।

## 5 साल कुछ नहीं किया अब क्रेडिटजीवी बने फिर रहे हैं सरयू राय : डॉ. अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि भुईयांडीह मामले में 5 साल कुछ ना कर पाने वाले सरयू राय अब चुनाव के पहले क्रेडिटजीवी बने फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भुईयांडीह के लोग 25 साल से नरकीय जिंदगी जीने को मजबूर थे। लोगों में परिवर्तन के नाम पर सरयू राय का समर्थन किया। लेकिन पिछले 5 वर्षों में वर्तमान विधायक सरयू राय द्वारा भुईयांडीह के कल्याणनगर, राधिकानगर, भुईयांडीह बस्ती में नागरिक सुविधा से संबंधित कोई काम नहीं किया गया। यह मैं नहीं बल्कि मीडिया की रिपोर्टस् में छप रहीं खबरों में इस बात का खुलासा हुआ कि लोग इन बस्तियों में नरकीय जिंदगी जीने को मजबूर हैं। अगर विधायक द्वारा कुछ किया गया होता तो यह स्थिति नहीं होती। बस्ती के इन घरों में शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। इससे बड़ी शर्मनाक स्थिति क्या हो सकती है। अब जबकि मेरे (डॉ. अजय) द्वारा क्षेत्र में जाकर निवासियों के मुद्दों को हल करने का प्रयास किया जा रहा है तो विधायक की आंखें खुली और अब बस्ती में जाकर क्रेडिट ले रहे हैं। डॉ. अजय ने कहा कि शनिवार को इस मामले में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी साझा करेंगे।

## दौरा के क्रम में गम्हरिया पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** दिल्ली से लौटकर राज्य की इंडी सरकार से बगावत करने के बाद अपने नए साथी या नया आशियाना बनाने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी राह अलग कर ली है। इन दिनों पूरे कोल्हान का दौरा कर क्षेत्र की जनता का मिजाज टटोल रहे हैं। लगातार में कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मिलकर उनके समक्ष अपनी बातें रख रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को वे गम्हरिया पहुंचे और होटल एवेन्यू में कार्यकर्ताओं व समर्थकों से मिलकर भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। हालांकि समर्थकों की भीड़ से लबरेज पूर्व मुख्यमंत्री ने अब संन्यास लेने का इरादा छोड़ दिया है और अपनी नई पार्टी बनाने या मनोनुकूल साथी मिलने पर उनके साथ नया अध्याय शुरू करने का मन बना लिया है। इस दौरान वे समर्थकों के समक्ष अपने पांच माह के अल्प कार्यकाल की उपलब्धियों को भी गिना रहे हैं। गम्हरिया पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का बड़ी संख्या में पहुंची क्षेत्र की महिलाओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान उनके समर्थकों ने उनके साथ रहने का संकल्प दुहराते हुए उनका हौसलावर्धन किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिस तरह क्षेत्र की जनता का उन्हें समर्थन मिल रहा है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि जनता उनके कार्यकाल से संतुष्ट हैं और जनता के दिल में उनके प्रति सम्मान बरकरार है। भविष्य की राजनीति के बावत उन्होंने कहा कि पृष्ठभूमि तैयार हो चुकी है। जल्द ही उसपर पूर्ण विराम लगेगा। इस अध्याय में नए साथी की तलाश चल रही है। साथ ही नया संगठन को लेकर भी विचार-विमर्श चल रहा है। एक सप्ताह के भीतर सब कुछ साफ हो जाएगा।इस दौरान उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिप सदस्य पिंकी मंडल, झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत प्रधान, विधायक प्रतिनिधि सानंद कुमार आचार्य, 20 सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई, गम्हरिया प्रखंड प्रमुख अनीता टुडू, आदित्यपुर नगर झामुमो अध्यक्ष दीपक मंडल समेत कई नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली में पटमदा, बोड़ाम, कमलपुर व एमजीएम मंडल से सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से रांची मोहराबादी मैदान में शुक्रवार को आयोजित युवा आक्रोश रैली में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विमल बैठा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो व प्रदीप बेसरा, पटमदा मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल, कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी व एमजीएम मंडल अध्यक्ष सूरज शाह व बिरेन महतो आदि के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कई बसों व चार पहिया वाहनों में सवार होकर रांची के लिए रवाना हुए। भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि युवा आक्रोश रैली में पूरे प्रदेश से लाखों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया है। उन्होंने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पांच सालों में युवाओं को ठगने का काम किया है। हेमंत सोरेन ने चुनाव पूर्व किए गए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में बेरोजगार युवाओं को न तो रोजगार मिला और न ही बेरोजगारी भत्ता। हेमंत सोरेन सरकार पांच सालों तक लूट खसोट में ही व्यस्त रहें। इस दौरान गोपाल सिंह, कान्हाई प्रमाणिक, आकुल दत्त, धृतराष्ट्र सिंह, सुभाष माहली, सोना रतन सिंह, कृष्णा महतो, बिमल मंडल, मनेश्वर गौड़, खगेन महतो, संजीव साई, प्रेमनाथ सिंह, रामकृष्ण महतो, सहदेव महतो, उपेन, बिक्रम, धीरेन कालिंदी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## भिलाईपहाड़ी में दुर्गा पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत भिलाईपहाड़ी स्थित हाट मैदान में दुर्गा पूजा कमिटी की ओर से शुक्रवार को दुर्गा पूजा के पंडाल निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। मौके पर यजमान के रूप में कमिटी के अध्यक्ष घासीराम सिंह, महासचिव पिंटू दत्ता, कोषाध्यक्ष बद्रीनाथ प्रधान, बुद्धेश्वर कुंडू, काजल दत्त, आशीष प्रधान, रवि धीवर के अलावा पंडाल निर्माण करने वाले कारीगर मौजूद थे। इस संबंध में महासचिव पिंटू दत्ता ने बताया कि दुर्गा पूजा कार्यक्रम को हर साल की भांति इस साल भी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सप्तमी, अष्टमी, नवमी तीन दिनों तक महाभोग का आयोजन किया जाएगा जबकि षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी व नवमी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

पत्रांक :– गुमला, दिनांक :–

**निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन**

इस कार्यालय के Tender No. 18/F2/2024-25 जिसका प्रकाशन PR No. 332966 Minor Irrigation (24-25)#D है तथा जिसका निविदा दिनांक 27.08.24 को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

PR 333547 Minor Irrigation(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

**कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि PR No. 333181 ( Rural Development) 25-24(D) द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा आमंत्राण, सूचना संख्या–08 / 2024–25 में निविदा में क्र0 संख्या 08, 09, 11 एवं 17 में अंकित योजनाओं को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

निविदा की शेष सभी योजनाओं एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

PR 333551 (Rural Development)24-25*D

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

संपादकीय

## ब्रिटेन में उग्र दक्षिणपंथ

**ब्रिटेन** में दक्षिणपंथी हिंसा की लहर के बीच आप्रवासियों व मुस्लिमों को निशाना बनाया जाना बेहद चिंता का विषय है। सोशल मीडिया के जरिये भ्रामक प्रचार से समूह विशेष पर हमले ब्रिटिश समाज में विकट होती स्थिति को दर्शाता है। दरअसल, गत 29 जुलाई को साउथपोर्ट में टेलर स्विफ्ट की थीम डांस पार्टी में तीन बच्चियों की नृशंस हत्या के बाद ब्रिटेन के कई शहरों में दंगे भड़क उठे। इस घटना में दो वयस्कों के साथ कई अन्य बच्चे भी घायल हुए थे। इसके बाद पूरे ब्रिटेन में दक्षिणपंथी आंदोलनकारियों ने इस घटना का इस्तेमाल नफरत को बढ़ावा देने और अराजकता भड़काने में किया। कालांतर में हिंसा महज विरोध प्रदर्शनों तक ही सीमित नहीं रही। दुकानें लूट ली गईं, कारों को आग लगा दी गईं, मस्जिदों और एशियाई स्वामित्व वाले व्यवसायों को निशाना बनाया गया। यह चिंताजनक स्थिति ब्रिटिश समाज में पैर पसारती मानसिक रुग्णता को ही दर्शाती है। दरअसल, ब्रिटिश समाज में आप्रवासियों के प्रति धुर दक्षिणपंथियों की कटुता छिटपुट घटनाओं की प्रतिक्रिया के रूप में ही नजर नहीं आती, बल्कि ये घटनाक्रम ब्रिटिश समाज में व्यापक सामाजिक चिंताओं और राजनीतिक विफलताओं का भी परिचायक है। दरअसल, कई दक्षिणपंथी राजनेताओं ने आप्रवासन और सांस्कृतिक एकीकरण के बारे में गलत धारणाओं को बढ़ावा दिया। उन्होंने अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिये समर्थन जुटाने के लिये खतरनाक ढंग से गलत सूचनाएं फैलायीं। कहा गया कि हमलावर एक आप्रवासी मुस्लिम था। हालांकि प्रधानमंत्री स्टार्मर ने दंगों को सुनियोजित साजिश बताते हुए घटनाओं की निंदा की है, लेकिन अभी ब्रिटिश समाज में सामाजिक समरसता बनाये रखने के लिए बहुत कुछ किया जाना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर एक सप्ताह में हिंसक गतिविधियों में शामिल करीब चार सौ से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। दंगइयों के हौसले इतने बुलंद थे कि वे पुलिस से संघर्ष करते नजर आ रहे थे। साथ ही सार्वजनिक संपत्ति और आप्रवासियों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे। दरअसल, हाल के दिनों में देखने में आया है कि कई देशों में हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये ऑनलाइन सूचनाओं को गलत ढंग से प्रसारित व प्रचारित किया गया। वास्तव में भ्रामक सूचनाओं के तंत्र पर अंकुश लगाने के लिये ठोस प्रयास किये जाने की जरूरत है। देखने में आया है कि सुनियोजित ढंग से प्रचारित सूचनाएं लोगों को कट्टरपंथी बनाने और हिंसा को भड़काने के लिये प्रयोग की जाती हैं। सोशल मीडिया को एक हथियार की तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल, ब्रिटिश सरकार को अंतर्निहित उन सामाजिक व आर्थिक मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है जिसके जरिये दक्षिणपंथी स्थानीय लोगों का भावनात्मक दोहन करते हैं। मसलन बेरोजगारी और अपर्याप्त सामाजिक सेवाओं की समस्या को दूर करना चाहिए, जिसके बहाने आप्रवासियों के प्रति नफरत फैलाने का काम किया जाता है। निश्चित रूप से ऐसे भय के माहौल में सहिष्णुता और एकता के मूल्यों को बनाये रखने की सख्त जरूरत है। भविष्य में प्रवासियों के खिलाफ ऐसी हिंसा दोबारा न पनपे ब्रिटिश सरकार को अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा और समावेशन को सुनिश्चित करना चाहिए। अब चाहे वे किसी भी देश से आए हों। मीडिया और राजनीतिक नेताओं से जिम्मेदार व्यवहार की उम्मीद की जानी चाहिए। उन्हें नफरत फैलाने वाली भड़काऊ बयानबाजी से बचना चाहिए। ब्रिटेन में डेढ़ दशक बाद व्यापक रूप से पनपे दंगों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। दरअसल, इस दौरान दक्षिणपंथियों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने पुलिस को भी निशाना बनाने से परहेज नहीं किया।


सोशल मीडिया के जरिये भ्रामक प्रचार से समूह विशेष पर हमले ब्रिटिश समाज में विकट होती स्थिति को दर्शाता है। दरअसल, गत 29 जुलाई को साउथपोर्ट में टेलर स्विफ्ट की थीम डांस पार्टी में तीन बच्चियों की नृशंस हत्या के बाद ब्रिटेन के कई शहरों में दंगे भड़क उठे। इस घटना में दो वयस्कों के साथ कई अन्य बच्चे भी घायल हुए थे। इसके बाद पूरे ब्रिटेन में दक्षिणपंथी आंदोलनकारियों ने इस घटना का इस्तेमाल नफरत को बढ़ावा देने और अराजकता भड़काने में किया। कालांतर में हिंसा महज विरोध प्रदर्शनों तक ही सीमित नहीं रही। दुकानें लूट ली गईं, कारों को आग लगा दी गईं, मस्जिदों और एशियाई स्वामित्व वाले व्यवसायों को निशाना बनाया गया। यह चिंताजनक स्थिति ब्रिटिश समाज में पैर पसारती मानसिक रुग्णता को ही दर्शाती है। दरअसल, ब्रिटिश समाज में आप्रवासियों के प्रति धुर दक्षिणपंथियों की कटुता छिटपुट घटनाओं की प्रतिक्रिया के रूप में ही नजर नहीं आती, बल्कि ये घटनाक्रम ब्रिटिश समाज में व्यापक सामाजिक चिंताओं और राजनीतिक विफलताओं का भी परिचायक है।


### भारत में बुनियादी ढांचा के विस्तार में भी अतुलनीय प्रगति दृष्टिगोचर है

# भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने हेतु अशांति फैलाने के हो रहे हैं प्रयास

प्रह्लाद सबनानी


दूसरे, विश्व को भी आज यह आभास होने लगा है कि विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन के मामले में केवल चीन पर निर्भर रहना बहुत जोखिम भरा कार्य है। इसका अनुभव विशेष रूप से विकसित देशों ने कोरोना महामारी के बाद से वितरण चैन में आई भारी परेशानी से किया है, जिसके चलते इन देशों में मुद्रा स्फीति की समस्या आज भी पूरे तौर पर नियंत्रण में नहीं आ पाई है। साथ ही, चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते उसके अपने किसी भी पड़ौसी देश से (पाकिस्तान को छोड़कर) अच्छे सम्बंध नहीं हैं।


**भारत** की लगातार तेज हो रही आर्थिक प्रगति पर विश्व के कुछ देश अब ईर्ष्या करने लगे हैं एवं उन्हें यह आभास हो रहा है कि आगे आने वाले समय में इससे उनके अपने आर्थिक हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इस सूची में सबसे ऊपर चीन का नाम उभर कर सामने आ रहा है। और फिर, चीन की अपनी आर्थिक प्रगति धीमी भी होती जा रही है। दूसरे, विश्व को भी आज यह आभास होने लगा है कि विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन के मामले में केवल चीन पर निर्भर रहना बहुत जोखिम भरा कार्य है। इसका अनुभव विशेष रूप से विकसित देशों ने कोरोना महामारी के बाद से वितरण चैन में आई भारी परेशानी से किया है, जिसके चलते इन देशों में मुद्रा स्फीति की समस्या आज भी पूरे तौर पर नियंत्रण में नहीं आ पाई है। साथ ही, चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते उसके अपने किसी भी पड़ौसी देश से (पाकिस्तान को छोड़कर) अच्छे सम्बंध नहीं हैं। अतः कई देश अब यह सोचने पर मजबूर हुए हैं कि चीन+1 की नीति का अनुपालन ही उनके हित में होगा। अर्थात, यदि किसी उद्योगपति ने चीन में अपनी एक विनिर्माण इकाई स्थापित की है तो आवश्यकता पड़ने पर उसके द्वारा अब दूसरी विनिर्माण इकाई चीन में स्थापित न करते हुए इसे अब किसी अन्य देश में स्थापित किया जाना चाहिए। यह दूसरा देश भारत भी हो सकता क्योंकि भारत अब न केवल "ईज आफ डूइंग बिजनेस" के क्षेत्र में अतुलनीय सुधार करता हुआ दिखाई दे रहा है बल्कि भारत में बुनियादी ढांचा के विस्तार में भी अतुलनीय प्रगति दृष्टिगोचर है।

केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू की गई कई नीतियों के चलते भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है और अब यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थ के कई क्षेत्रों में तो भारत विश्व में प्रथम पायदान पर आ भी चुका है। इससे अब चीन के साथ अमेरिका को भी आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अपने प्रभाव में कमी आने की चिंता सताने लगी है। अतः विश्व के कई देशों में अब भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर ईर्ष्या की भावना विकसित होती दिखाई दे रही है। इस ईर्ष्या की भावना के कारण वे भारत के लिए कई प्रकार की समस्याएं खड़ी करने का प्रयास करते दिखाई देने लगे हैं। यह समस्याएं केवल आर्थिक क्षेत्र में खड़ी नहीं की जा रही हैं बल्कि सामाजिक, राजनैतिक एवं आध्यात्मिक आदि क्षेत्रों में भी खड़ी करने के प्रयास हो रहे हैं।



सबसे पहिले तो कुछ देश प्रयास कर रहे हैं कि भारत में किस प्रकार सामाजिक अशांति फैलायी जाए। इसके लिए भारत की कुटुंब प्रणाली को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। देश में विभिन्न टी वी चैनल पर इस प्रकार के सीरियल दिखाए जा रहे हैं जिससे परिवार के विभिन्न सदस्यों के बीच आपस में छोटी छोटी बातों में लड़ने को बढ़ावा मिल रहा है। इन सीरियल में सास को बहू से, ननद को देवरानी से, छोटी बहिन को बड़ी बहिन से, एक पड़ौसी को दूसरे पड़ौसी से, संघर्ष करते हुए दिखाया जा रहा है। इन सीरियल के माध्यम से भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को हावी होते हुए दिखाया जा रहा है। जबकि भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति हमें संयुक्त परिवार में आपस में मिलजुल कर रहना सिखाती है, त्याग एवं तपस्या की भावना जागृत करती है एवं परिवार के छोटे सदस्यों द्वारा अपने बड़े सदस्यों का आदर करना सिखाती है। इसके ठीक विपरीत पश्चिमी सभ्यता के अंतर्गत संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं वे तो व्यक्तिगत स्तर पर केवल अपने आर्थिक हित साधते हुए नजर आते है। पश्चिमी देशों के इन प्रयासों से आज कुछ हद तक भारतीय समाज भी पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित होता हुआ दिखाई देने लगा है। आज विकसित देशों के परिवारों में बेटे के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात वह परिवार से अलग होकर अपना परिवार बसा लेता है। अपने बूढ़े माता पिता की देखभाल भी नहीं कर पाता है। इसके चलते इन देशों में सरकारों को अपने प्रौढ़ वर्ग के नागरिकों के देखरेख करनी होती है और इनके लिए सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलानी पड़ती है। आज इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या के लगातार बढ़ते जाने से सरकार के बजट पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि भारत में संयुक्त परिवार की प्रथा के कारण ही इस प्रकार की कोई समस्या दिखाई नहीं दे रही है। अतः पश्चिमी देशों द्वारा भारत की कुटुंब प्रणाली को अपनाए जाने के स्थान पर इसे भारत में भी नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

दूसरे, कई देश अब भारत में सामाजिक समरसता के तानेबाने को भी विपरीत रूप से प्रभावित करने के प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से हिंदू समाज में विभिन्न मत, पंथ मानने वाले नागरिकों को आपस में लड़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इन्हें आपस में बांटा जा सके और भारत में अशांति फैलायी जा सके तथा जिससे देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित हो सके। भारत के इतिहास पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि भारत में जब जब सामाजिक समरसता का अभाव दिखाई दिया है तब तब विदेशी आक्रांताओं एवं अंग्रेजों को भारत में अपना शासन स्थापित करने में आसानी हुई है। उन्होंने "बांटो एवं राज करो" की नीति के अनुपालन से ही भारत के कुछ भू भाग पर अपनी सत्ता स्थापित की थी। अब एक बार पुनः इसी आजमाए हुए नुस्खे को पुनः आजमाने का प्रयास किया जा रहा है। चाहे वह जातिगत जनगणना करने के नाम पर हो अथवा समाज के विभिन्न वर्गों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर किये जाने वाले आंदोलनों की बात हो।

तीसरे, कई देशों द्वारा भारतीय उपमहाद्वीप के अन्य देशों में भी अस्थिरता फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सबसे ताजा उदाहरण बांग्लादेश का लिया जा सकता है जहां हाल ही में सत्ता परिवर्तन हुआ है। अब बांग्लादेश में अतिवादी दलों के हाथों में सत्ता की कमान जाती हुई दिखाई दे रही है इससे अब बांग्लादेश में भी आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी। मालदीव में पूर्व में ही भारत विरोध के नाम पर अतिवादी दलों ने सत्ता हथिया ली है, जो वहां भारत "गो बैक" के नारे लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं चीन के साथ अपने राजनैतिक रिश्ते स्थापित कर रहे हैं। नेपाल में भी हाल ही में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद वे चीन के करीब जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। श्रीलंका पूर्व में ही राजनैतिक अस्थिरता के दौर से गुजर चुका है। पाकिस्तान तो घोषित रूप से अपने आप को भारत का दुश्मन देश कहलाता है। अफगानिस्तान में भी तालिबान की सत्ता स्थापित हो चुकी है, हालांकि अफगानिस्तान ने भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। कुल मिलाकर भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने हेतु कुछ देशों द्वारा भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं।

दृष्टि कोण

## मौसमी बदलाव से मुकाबले में सहायक वायनाड के सबक

**हाल** के वर्षों में देशभर में घटित आपदाओं का बदतर होता प्रभाव चिंताजनक है। वायनाड त्रासदी एक ऐसा चरम मामला है, जब धरती की सतह कुछ कारकों की वजह से बना दबाव नहीं झेल पाई। मसलन बुनियादी ढांचा विकास और अत्यधिक बारिश। लंबे समय से, विकास प्रक्रिया बनाते वक्त पर्यावरणीय संवेदनशीलता की अहमियत का ध्यान नहीं रखा जाता। लेकिन मौसम में आ चुका बदलाव अब एक हकीकत है। और समस्या की तीव्रता देश के अनेक हिस्सों में आफत का रूप धरकर टूट रही है। केरल में घटित आपदा का कारण चाहे चरम बारिश कहें या यथेष्ट प्रशासनिक व्यवस्था एवं पर्यावरणीय प्रबंधन का अभाव, अवश्य ही इसके जिम्मेवार सब मिलाकर हैं। देश के दक्षिणी प्रायद्वीप के पश्चिमी और पूरबी घाट जैविक विविधता से काफी समृद्ध हैं और वे गुजरात से लेकर केरल तक और ओडिशा से लेकर तमिलनाडु तक फैली तटरेखा के प्राकृतिक रक्षक हैं। ये घाट, जो अनेक लुप्तप्राय वनस्पति और जीव-जंतु-पक्षियों का आशियाना भी हैं, यहां के पर्यावरण को नियंत्रित करते हैं। इस पर्वतीय अंचल के संवेदनशील प्राकृतिक स्वरूप और इसे सुरक्षित रखने की जरूरत पर अनेकानेक खबरें छप चुकी हैं और विचार विमर्श हो चुके हैं। सरकारों ने इस संबंध में कमेटियां बनाईं। माधव गाडगिल और के. कस्तूरीरंगन रिपोर्ट ने पश्चिमी घाटों की पर्यावरणीय संवेदनशीलता के मद्देनजर इस इलाके को संरक्षित करने की तगड़ी सिफारिशें की हैं, जैसे कि खनन पर और अधिक कड़ा नियंत्रण या पूर्ण रोक, औद्योगिक एवं कृषि गतिविधियां, आर्थिक कारणों से भवन निर्माण और भूमि उपयोग में बदलाव इत्यादि पर सख्त शिकंजा। संवेदनशील हिस्सों की पहचान की गई है। इनमें कहा गया कि कई अत्यंत संवेदनशील संभागों में अनेकानेक गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। दोनों रिपोर्टों का निष्कर्ष था कि पश्चिमी घाट को हरसंभव तरीके से सुरक्षित बनाए रखने की जरूरत है। प्रस्तावित किया गया कि भूभाग के 50-70 फीसदी हिस्से को जैव-विविधता और सकल पर्यावरणीय नाजुकता के परिप्रेक्ष्य में पूर्णतः संरक्षित क्षेत्र बना दिया जाए।

पिछले सालों से महासागरों का औसत तापमान निरंतर बढ़ रहा है, इसकी वजह से जल और थल से वाष्पीकरण अधिक हो रहा है, नतीजतन अधिक गहरे बादल बनने लगे हैं, जिसके चलते बहुत भारी बरसात होती है। इससे जल भराव, सैलाब और भूस्खलन होता है। पश्चिमी घाट के कई भागों में यही हो रहा है। टेरी (ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान) ने महाराष्ट्र सरकार को सौंपी अपनी मौसमीय बदलाव रिपोर्ट-2012 में राज्य कार्य योजना सुझाई है। कोंकण संभाग में चरम बारिश की घटनाओं में वृद्धि और भविष्य में इनके बढ़ते जाने की आशंका जताई गई है। बारिश का ठीक यही मंजर देश के दक्षिणी भाग में देखा गया। सामान्यतः केरल में मानसून जून के पहले सप्ताह में दस्तक देता है और इसके बाद देश के बाकी हिस्सों में फैलता है।

वायनाड त्रासदी कई कारकों के इकट्ठा होने का परिणाम है —अरब सागर में गहरे मेघ बनना, बादल फटना, मिट्टी की जल सोखन शक्ति संतृप्त होना, नाजुक भाग में अतिक्रमण एवं पर्यावरणीय क्षरण इत्यादि। बारिश का असामान्य और चरम होना- इस इलाके में एक ही दिन में 150 एमएम से अधिक बरसात दर्ज हुई। इस भारी बारिश का एक परिणाम भूस्खलन रहा।

भूस्खलन नतीजा है ढलान-बल में बढ़ोतरी और सतह को पकड़कर रखने वाले अवयवों की शक्ति कमजोर पड़ने का। यह चाल तब बनती है जब भूमि सतह को जकड़कर रखने वाले अवयवों की ताकत पर गुरुत्वाकर्षण बल भारी पड़ जाए। ऐसा होने पर, बारिश, बर्फ गिरने, जल सतह में बदलाव, जलधारा से हुआ कटाव, भूजल स्तर में बदलाव, भूकम्प, ज्वालामुखी कंपन या मानव निर्मित हिलजुल से ढलान का भाग धंस जाता है या नीचे की ओर बह निकलता है। भूस्खलन बनाने में मानवजनित गतिविधियों का योगदान खासा है, जो अक्सर तब होता है, जब निर्माण के दौरान ढलान की कटिंग यथेष्ट ढंग से न की जाए, जल निकासी प्रबंधन योजना का सही न होना या इसमें जुगाड़ वाला बदलाव करना या फिर पिछले भूस्खलनजनित कारक। पश्चिमी घाट का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा भूस्खलन जोखिम वाला है। बेशक भौतिक कारकों को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता किंतु जोखिम को विस्तृत भूवैज्ञानिक जांच, गहन इंजीनियरिंग ज्ञान और भू-उपयोगिता प्रबंधन पर कड़े नियंत्रण के जरिए काफी कम किया जा सकता है। दुर्भाग्य से बुनियादी ढांचा योजना बनाते वक्त इन पहलुओं को अक्सर ध्यान में नहीं रखा जाता।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## हरा कार्ड धारियों को जल्द राशन दे हेमंत सरकार : महेंद्र पाठक



भाकपा नेता महेंद्र पाठक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर हर राशन कार्ड धारी को अभिलंब राशन देने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि लाखों हारा कार्ड झारखंड मे गरीबों को बनाया गया था। लेकिन अक्टूबर 2023 के बाद कार्ड धारी को राशन अभी तक नहीं मिला, अप्रैल में 2024 में 2 किलो दाल मात्र लोगों को दिया गया, अन्य राशन से लोग वंचित हैं, वही मांडू प्रखंड में 2 साल से किरासन तेल का भी वितरण नहीं हो रहा है, होलसेलर किरासन तेल डिलरो को नहीं दे रहा है। पत्र में लिखा है कि आपके द्वारा राशन कार्ड बनाकर जरूरतमंदों को दिया गया था तो केंद्र सरकार के या एफसीआई पर ठीकरा फोड़कर लोगों को राशन से वंचित करना ठीक नहीं है, इसीलिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत राशन से वंचित जरूरतमंद लोगों को राशन देने की जरूरत है, केंद्र सरकार का भी मनसा ठीक नहीं है, क्योंकि केंद्र सरकार राज्य सरकार को अपने एफसीआई गोदाम से झारखंड सरकार को राशन नहीं दे रहा है, केवल केंद्र सरकार के दोषी ठहरा कर राज्य सरकार भी नहीं भाग सकती है, राज्य सरकार को भी चाहिए किसी भी परिस्थिति में राज्य की जनता भूखे नहीं रहे, इसके लिए व्यवस्था करें, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य के सभी जिला मुख्यालय में राशन, किराशन भूमि अधिग्रहण एवं भूमि बैंक को रद्द करने आदि कई मांगों को लेकर सभी जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेगी, पाठक ने वंचित कार्ड धारी को राशन देने एवं कार्ड से वंचित लोगों को राशन कार्ड देने की मांग की है।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ग्राम हेसला में बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अंजू देवी व संचालन नरेंद्र बेदिया ने किया बैठक में सभी ने 24 अगस्त 2024 दिन शनिवार नगर परिषद कार्यालय छतर मांडू, रामगढ़ के बाहर धरना प्रदर्शन में जाने का निश्चय किया बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता पंकज महतो थे उन्होंने कहा की झारखंड सरकार सभी मोर्चे में विफल साबित हुई हर और भ्रष्टाचार है लूट हत्या डकैती आए दिन हो रही है और आशा भरी निगाहों से झारखंड की तमाम जनता जेएलकेएम टाइगर जयराम महतो की ओर देख रही है मोके पर भुवनेश्वर बेदिया लालमोहन बेदिया सुचिता देवी अंजू देवी उषा देवी शांति देवी अंजली देवी मीना देवी विजय पांडे अमित कुशवाहा कालेश्वर कुशवाहा राजुल अंसारी आरिफ अंसारी रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के अंतर्गत मनरेगा के तहत शुक्रवार को उप विकास आयुक्त, रामगढ़ रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा समाहरणालय परिसर में नीम का वृक्ष लगाया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि नीम का वृक्ष औषधीय गुणों से भरपूर होता है साथ हो नीम का वृक्ष हवा को शुद्ध करने का भी काम करता है। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सभी जिले वासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए अनुजा राणा, परियोजना पदाधिकारी विकास शाखा फणीन्द्र गुप्ता, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी विजय कुमार सहित जिला समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों, डीएमएफटी, नमामि गंगे, ग्रामीण विकास शाखा आदि के अधिकारियों एवं कर्मियों ने कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण किया।

## झारखंडी समाज में आत्मगौरव व चेतना का संचार करने वाले महान व्यक्तित्व थे : डॉ रामदयाल मुंडा सुधीर मंगलेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड राज्य के प्रसिद्ध शिक्षाविद् और समाजसेवी डॉ. रामदयाल मुंडा की पुण्यतिथि पर रांची मोरहाबादी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. मुंडा के विचारों और उनके योगदान को याद करते हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि वे झारखंडी समाज में आत्मगौरव और चेतना का संचार करने वाले महान व्यक्तित्व थे। सुधीर मंगलेश ने कहा, ÷डॉ. रामदयाल मुंडा का योगदान धर्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रों में अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने आदिवासी समाज को एकजुट करने और उनकी पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. मुंडा का जीवन दर्शन हमें सिखाता है कि शिक्षा और संस्कृति को साथ लेकर चलना समाज के संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम समाज में समरसता और समानता को बढ़ावा दे सकते हैं। मौके पर उतम कुमार बबलू कुमार शुभम कुमार आदि



## स्वतंत्र प्रकाशन समूह का प्रथम स्थापना दिवस समारोह कल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में 25 अगस्त को स्वतंत्र प्रकाशन समूह का स्थापना दिवस समारोह होटल शिवम इन् के मुंशी प्रेमचंद सभागार में मनाया जाएगा। प्रकाशन के संस्थापक और निदेशक सुशील स्वतंत्र ने बताया कि स्वतंत्र प्रकाशन की स्थापना के पीछे रामगढ़ शहर का बहुत बड़ा योगदान है। इसी शहर से एक वर्ष पूर्व प्रकाशन की शुरुआत हुई थी। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखण्ड के वरिष्ठ साहित्यकार शम्भू बादल करेंगें। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के पूर्व निदेशक आचार्य राजेश कुमार, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया के संपादक डॉ. लालित्य ललित, स्वतंत्र प्रकाशन के सेंट्रल एडिटोरियल बोर्ड के अध्यक्ष कुमार उदय %राज़% सहित झारखंड के वरिष्ठ साहित्यकार शिरोमणि महतो, मयंक मुरारी, नीलोत्पल रमेश, बलराम सिंह, गुलांचो कुमारी, सरोज झा %झारखंडी%, सरोज सिंह, आभा मुखूतलिफ़, सहित अनेक ख्यातिप्राप्त साहित्यकार शामिल होंगे। गौरतलब है कि स्वतंत्र प्रकाशन ने एक वर्ष की अल्पावधि में 107 पुस्तकों का प्रकाशन किया है। प्रकाशन द्वारा साहित्य की पुस्तकों को प्राथमिकता दी जाती है। निःशुल्क पुस्तक प्रकाशन योजना के माध्यम से प्रकाशन उदयीमान लेखकों को प्रोत्साहित कर रहा है। आगामी नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला में प्रकाशन की ओर से झारखण्ड के अनेक लेखकों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया जाएगा।



## भाजयुमो युवा आक्रोश रैली के दौरान सयाल में भुरकुंडा पुलिस से भिड़े कार्यकर्ता, एक घंटे तक सड़क रही जाम

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा शुक्रवार को पुर्व में घोषित युवा आक्रोश रैली कार्यक्रम में बड़कागांव प्रखंड से रांची मोराबादी मैदान जाने के क्रम में सयाल भानू कॉलोनी के समीप भुरकुंडा पुलिस के चेकनाका पर मौजूद भुरकुंडा पुलिसक र्मीयो ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं को आगे जाने से रोक दिया। वहीं इस युवा आक्रोश रैली का नेतृत्व कर रही बड़कागांव भाजयुमो नेत्री पुनम साव ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के युवाओं को छलने का कार्य किया है। पुलिस केवल रैली में जाने वाले ही गाड़ियों को कागजात के नाम पर रोक रही है। जबकि अन्य गाड़ियों को बिना जांच-पड़ताल के छोड़ दिया जा रहा है। वहीं भुरकुंडा ओपी के एसआई अविनाश कुमार के द्वारा लगभग 1 घण्टे के बाद गाड़ियों को जाने दिया गया।विरोध करने वालो में आदित्य साहू, शिबू मेहता, उदय मेहता, मेवालाल नाग, प्रयाग महतो, मोहन साव, बद्री नारायण सिंह, कर्मचारी साव, शेर सिंह, खेमलाल महतो, कजरु साव आदि शामिल थे।



## उप विकास आयुक्त ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु आज विकास भवन परिसर से उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल द्वारा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत क्षेत्रों में घूम घूम कर कृषक मित्रों को जागरूक करने का कार्य करेगी।फसल बीमा योजना के नामांकन का अंतिम तिथि कब तक बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 (खरीफ) के अंतर्गत ऋणी/गैर ऋणी कृषकों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 तक निर्धारित है, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम वर्ष 2024-25 के लिए अगहनी धान एवं भदई मकई को अधिसूचित किया गया है। उक्त फसलों का बीमित राशि क्रमशः 60500 एवं 46000 रू0 प्रति हेक्टेयर है। फसल बीमा कराने हेतु गैर ऋणी कृषकों द्वारा टोकन देय राशि 1(एक रूपया) मात्र है। गैर ऋणी कृषकों के लिए बीमा कराने हेतु निम्न दस्तावेज यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राजस्व पदाधिकारी द्वारा निर्गत भूमि प्रमाण पत्र/नवीनत रसीद, मुखिया/ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित वंशावली, बटाईदार द्वारा पट्टा/बटाई संबंधी प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र), मोबाईल नं0, स्वस्त्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र।उपायुक्त ने बैठक कर अधिकारियों को किया निर्देशित उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने भी गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित करते हुए कहा है कि पात्रता रखने वाले कृषकों को शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाय। आगे उन्होंने सभी अंचल अधिकारी व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अधीनस्थ राज्सव उप निरीक्षक/ अंचल निरीक्षक/ बीटीएम/ एटीएम, कृषक मित्रों, ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, जनसेवकों के माध्यम से अपने अपने अंचल अंतर्गत गैर ऋणी कृषकों का प्रज्ञा केन्द्रों में निर्धारित तिथि के अंदर नामांकन कराएं। साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया को भी निर्देशित किया कि अपने अपने अनुमण्डल क्षेत्र अंतर्गत अंचलों को गैर ऋणी कृषकों का प्रज्ञा केन्द्रों में नामांकन का प्रतिदिन समीक्षा करें एवं प्रत्येक दिन का प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। जागरूकता रथ रवानगी के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लॉमबर्ड जेनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सजीव भौमिक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठि का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठि का आयोजन किया गया। प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप ने बताया कि कक्षा एक से पांच तक छात्रों का प्रथम चक्र व आवधिक परीक्षा को ले कर यह गोष्ठि का आयोजन किया गया था। प्राचार्य ने अपने बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने एवं मोबाइल का कम से कम प्रयोग करने देने की अपील अभिभावकों से की। उन्होंने कहा कि अधिक मोबाइल या टीवी का इस्तेमाल करने से बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं और उनके दिमाग आंखों पर भी यह असर करता है। उन्होंने अपने बच्चों का घर पर पढ़ाई पर ध्यान रखने की अपील की। कहा कि स्कूल में सभी बच्चों का प्रोपर केयर किया जाता है, लेकिन घर में भी बच्चों की गतिविधियों पर अभिभावकों को ध्यान रखना चाहिए।संगोष्ठि में कक्षा अध्यापकों के द्वारा अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के बार में विस्तार से बताया गया। संगोष्ठि में कई अभिभावक मौजूद थे।

## खाता 81 प्लॉट 656 मौजा सोहरकला के गैरमजुरुआ भूमि पर धड़ल्ले से बनाया जा रहा है मकान



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया अंचल के मौजा सोहरकला के खाता नंबर 81 प्लॉट नंबर 656 के सरकारी गैरमजुरुआ भूमि पर इन दिनों आलीशान मकान बनाया जा रहा है। यह खाता प्लॉट की भूमि सिमरिया से टंडवा जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे मानत नदी के पुल के ऊपर दाहिने तरफ की भूमि है। जहां पूर्व में बड़ी बड़ी पत्थरों की चट्टाने हुआ करता था। जिसे क्रेशर मशीन वाले लोग पत्थरों को तोड़ कर गिट्टी बना लाखों रुपए की कमाई कर ली थी। भूमि माफिया इतना बेखौफ हैं कि अंचलाधिकारी को भी ठेंगा दिखा रहे हैं। हालांकि उक्त खाता प्लॉट के गैरमजुरुआ भूमि के बाद रैयती भूमि भी मौजूद है। जिसका लाभ भूमाफियाओं को मिल रहा है। ग्राहकों को रैयती भूमि पलस गैरमजुआ भूमि यानी कुल दोनों भूमि का कीमत लेकर उक्त भूमि को बेखौफ बेच दे रहे हैं। जहां अभी वर्तमान में कई मकान बनाया जा चुका है। यदि अंचल द्वारा उक्त भूमि का बचाव नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इसी तरह गैरमजुरुआ भूमि को बेखौफ खरीद बिक्री कर आलीशान इमारत बना दी जाएगी। जिससे अंचल को काफी नुकसान सहना पड़ेगा। और जरूरी पर सरकारी कामकाज के लिए एक इंच जमीन नहीं बचेगी।

## बारिश का कहर, जमींदोज हुआ मिट्टी का घर



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते दिन गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे से रुक रुक कर हो रही बारिश ने एक गरीब परिवार का आशियाना छीन लिया। थाना क्षेत्र के नवडीया निवासी त्रिलोकी पांडे ने बताया कि रुक रुक कर हो रही तेज बारिश से मेरा मिट्टी का घर पूरी तरह से जमींदोज हो गया अब मेरे पास रहने का कोई उचित व्यवस्था नहीं है जिसके कारण मैं काफी परेशान हूं। त्रिलोकी पांडे ने स्थानीय मुखिया से अबूआ आवास की मांग की है।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा को लेकर हुई बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा को लेकर शुक्रवार को बैठक किया गया। बैठक बीडीओ राहुल देव के नेतृत्व में किया गया। जहां एटीएम, बीटीएम व प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 20/25 के तहत मकई व धान का बीमा करने की जानकारी बताई गई। साथ ही एटीएम व बीटीएम को तीन तीन पंचायत में कार्य करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में एटीएम, बीटीएम दीनदयाल प्रसाद, प्रज्ञा केन्द्र संचालक विनय कुमार, शशि कुमार दांगी समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में 123 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड कार्यालय परिसर मे झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त निऱशुल्क उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को आठवीं क्लास के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जिसमे बारियातु पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नचना मे 18 व गोनिया पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारा मे 25 बठेठ विद्यालय मे 29 नावाडीह विद्यालय मे 17 तथा गड़गोमा विद्यालय मे 34 इस प्रकार कुल 123 साईकिल का वितरण किया गया. वही निऱ शुल्क साईकिल पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे. छात्र-छात्राओं ने कहा कि स्कूल आने-जाने में कई तरह की परेशानी होती थी. लेकिन अब साइकिल मिल जाने से आने जाने में परेशानी नहीं होगी. मौके पर प्रखंड एम आई एस समन्वयक नितीश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मृत्युंजय सिंह, सहायक शिक्षक मिथिलेश कुमार मेहता, दयानंद उरांव , चंद्र प्रकाश पाण्डेय सहित काफ़ी संख्या मे छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

## भाजयुमो का युवा आक्रोश रैली से कोसों दूर आदिवासी कार्यकर्ता : आशुतोष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रदेश में शुक्रवार को भाजयुमो का युवा आक्रोश रैली फीका रहा, युवा आक्रोश रैली बुजुर्ग आक्रोश रैली बन कर रह गया, यह बात भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष सिंह चेरो ने कही। उन्होंने बताया आदिवासी समुदाय के युवा उक्त रैली में जाने से अपने आप को कोसों दूर रखा और रैली में जाना उचित नहीं समझे क्योंकि आदिवासी का मालिक आदिवासी ही होगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के एक स्थाई आदिवासी सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को झूठे केस में ईडी के माध्यम से भाजपा सरकार ने फंसा कर जेल भेजा था और प्रताड़ित करने का काम किया था ये हम आदिवासी समुदाय के स्वाभिमान पर चोट पहुंचाने के बराबर था लेकिन हम आदिवासियों को न्यायपालिका पर भरोसा था जो न्यायपालिका ने आरोप को निराधार बताकर क्लिन चिट दिया। उन्होंने बताया कि आदिवासी किसी भी राजनीतिक दल में रहें जब बात समुदाय पर आ जाए तो दल का त्याग कर नदी के धार की कोर देखकर समाज के साथ चलना पसंद करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा वाले उल्टी गंगा बहा रहे हैं, फंसाया आदिवासी अगुवा नेता को और आक्रोश रैली निकाली गई है। उन्होंने बताया कि आदिवासी समझ चुके हैं अब बाहरी तीन प्रतिशत लोगों के झांसे में हम आने वाले नहीं हैं, आदिवासी नेता के विरुद्ध आदिवासी समुदाय के बगैर इनकी रैली असफल रही ।

## मंत्री बन्ना गुप्ता के कारनामें की जांच की मांग को लेकर रवी डे ने पीएम एवं ईडी को लिखा पत्र



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं ईडी से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कारनामें की जांच एवं कार्रवाई करने की मांग किया है। श्री डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने विभाग में बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैलाकर झारखंड के स्वास्थ्य सेवा को पूरी तरह से पंगु बनाकर रख दिया है। उन्होंने भ्रष्टाचार फैलाकर करोड़ों रुपया का काला धन इकट्ठा किया है।पूर्व मंत्री सरयू राय ने साक्ष्य के साथ ईडी के पास उनके विरुद्ध शिकायत किया है। परन्तु अभी तक श्री गुप्ता पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।आपलोग कहते हैं, कि चोर को जेल जाना पड़ेगा परन्तु एक महाचोर बन्ना गुप्ता अबतक जेल नहीं गया।ये जितने दिन बाहर हैं, उतने दिन रोजाना नए-नए भ्रष्टाचार झारखण्ड में फैलाने का कार्य कर रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों से खुल्लम-खुल्ला करोड़ों में रिश्वत ले रहे हैं,ये भी झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम की राह पर चल रहे हैं। इनका भी स्थान जेल में हो तो झारखंड वासियों के लिए बेहतर? होगा।इस संबंध में श्री डे ने अखबारों में प्रकाशित खबरें की कतरनों के साथ पत्र लिखकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं निदेशक ईडी नई दिल्ली को भेजा है।पत्र भेजकर उन्होंने जांच करने एवं कार्रवाई की मांग की है।

## चेहल्लुम प्रखंड कमेटी की गठन सम्पन्न, मुख्य अतिथि होंगे मनोज चंद्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया कर्बला मैदान में चेहल्लुम प्रखंड कमेटी की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता सदर मुजम्मिल हुसैन ने की। जहां सर्वसम्मिति से चेहल्लुम कमिटी का अध्यक्ष इदरीश अंसारी फतहा, उपाधक्ष मो उस्मान बनहें, सचिव कासिम अंसारी सबानों, उपसचिव मो0समीम लिबदा, कोषाध्यक्ष गुड्डू आलम सिमरिया, मंच संचालक सलीम अख्तर फैजी, व्यवस्थापक वली हकीम बनहे और सकील उर्फ बड़े फ़तहा को बनाया गया। वहीं संरक्षक लतीफुर रहमान फ़तहा को बनाया गया है। जुलूस के मुख्य अतिथि के रूप में जेएमएम के नेता मनोज चंद्रा, विशिष्ट अतिथि पत्रकार मो0अरबाज ईटीवी भारत, सुभानी मियां कमता रहेंगे। बैठक में तय हुआ कि चेहल्लुम जुलूस 26 अगस्त को शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाएगा। जहां पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी शामिल रहेगी।

## आजसू नेता श्रवण पासवान ने उपायुक्त को सड़क की स्थिति से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मजदुर संघ के केंद्रीय प्रभारी एवं आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने शुक्रवार को उपायुक्त गरिमा सिंह को लिखित आवेदन देकर लातेहार के केंद्रीय विद्यालय होते मोंगर होते पेशरार तक की सड़क की स्थिति से अवगत कराया। कहा सड़क कि स्थिति बद से बद्तर हो गई है। सड़क पर एवं सड़क किनारे बड़े बड़े गड्ढा हो गया है और गड्ढों में पानी भर गया है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को गड्ढा का अंदाजा नहीं मिल पाता है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं की संभावना बनी रहती है। सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात तो यह है कि पास में ही केंद्रीय विद्यालय है।बच्चों को लेकर अभिभावकों को मजबुरी वस इसी रास्ते से अपने मोटरसाइकिल से या फिर ऑटो से आना-जाना लगा रहता है। सड़क की स्थिति जिस तरह से खराब है कभी भी अनहोनी होने की संभावनाएं बनी रहती है।श्री पासवान ने जिला प्रशासन से सड़क को नया निर्माण की अनुमति प्रदान कराने की मांग किया है।

## डायलिसिस महिला मरीज के लिए चंदवा के कुमार नवनीत ने किया रक्तदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा के कुमार नवनीत ने 30 किमी की दूरी तय कर लातेहार रेलवे स्टेशन निवासी डायलिसिस मरीज बबिता देवी (52 वर्ष) पति वीरेंद्र प्रसाद के लिए रक्तदान किया। बबिता देवी पिछले दो दिनों से रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही थी। जैसे ही इसकी जानकारी ष्ट वोलेंट्री ब्लड डोनर एसोसिएशन लातेहार के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत को प्राप्त हुआ तो उनके द्वारा तत्काल लातेहार ब्लड बैंक पहुंचकर ओ पॉजीटिव रक्तदान किया गया। महिला के परिजनों ने कुमार नवनीत के प्रति आभार व्यक्त किया है। कुमार नवनीत नियमित रूप से 90 दिन के बाद रक्तदान करते आ रहे हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी लातेहार के चेयरमैन महेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव जावेद अख्तर, एलटी विनय कुमार सिंह, पत्रकार संजय प्रजापति रामकुमार, राहुल पाण्डेय समेत कई अन्य लोगों ने धन्यवाद दिया।

## सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आक्रोश रैली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा राँची में आयोजित आक्रोश रैली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच का निर्देश दिया गया है। जिसके आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के नेतृत्व में कंडरा चौक पर जिला परिवहन पदाधिकारी व थाना प्रभारी के संयुक्त कार्यवाही के दौरान एस आई मनीष कुमार महतो,एस आई साहेब कुंवर,तथा एस आई मनोज कुमार दलबल के साथ विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर मुस्तैद नजर आये। वही वाहन जांच अभियान के क्रम में लोहरदगा जिला के विभिन्न क्षेत्रों से तथा पड़ोस जिला से आने वाली छोटी बड़ी सभी वाहनों के कागजात का जांच किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वाहन जांच किया गया। जांच के पश्चात सभी वाहनों को छोड़ दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी अजित कुमार,एस आई साहेब कुंवर,एस आई मनोज कुमार,एस आई मनीष कुमार महतो सहित अन्य दल बल के साथ मौजूद थे।

## हरा राशन कार्डधारियों को नियमित खाद्यान्न नहीं मिलना प्रखंड प्रशासन की नाकामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन में प्रखंड प्रशासन व जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के उदासीन रवैया देखने को मिल रहा है। जहां हरा राशन कार्डधारियों के खाद्यान्न का आवंटन होने के बावजूद प्रखंड के कई डीलरों का वितरण प्रतिशत अबतक शून्य दिखा रहा है वहीं प्रखंड में कुल वितरण की बात करें तो अबतक 45 प्रतिशत ही वितरण किया गया है।बता दें कि सितंबर 2023 के खाद्यान्न का आवंटन होने के बावजूद कई डीलर लापरवाही से वितरण नहीं कर पाए । वहीं माह अक्टूबर 2023 के खाद्यान्न का आवंटन होने के बावजूद खाद्यान्न वितरण में डीलर लापरवाही बरत रहे हैं जिसका खामियाजा गरीब गुरबों को भुगतना पड़ रहा है। जहां आवंटन के विरुद्ध जविप्र दुकान पीटीजी शून्य प्रतिशत वितरण, लैम्पस बरवाडीह शून्य प्रतिशत वितरण, महिला विकास शिक्षा शून्य, महिला विकास समिति शून्य,मां तारा शून्य,एम डी कासिम शून्य, मुरारी लाल शून्य, नागेश्वर राम शून्य, नन्देव बैठा शून्य, शिवकुमार शून्य, सुनिल कुमार, उज्ज्वल महिला समूह शून्य, उमेश प्रसाद शून्य सविता देवी 6 प्रतिशत, झांसी 11 प्रतिशत, ममता,12 प्रतिशत और ज्वाला प्रसाद 19 प्रतिशत वितरण किया गया है।इस संबंध में प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि डीलरों के क्लोजिंग बैलेंस की जानकारी ली जा रही है साथ ही दो डीलर को इस संबंध में स्पष्टीकरण भी किया गया है।बताया जा रहा है कि उक्त डीलरों के पास स्टॉक बैलेंस नहीं रहने की वजह से वितरण करने में परेशानी आ रही है। ऐसे में जिला प्रशासन से उम्मीद जताई जा रही है कि उक्त दुकानों के तत्काल खाद्यान्न का स्टॉक बैलेंस जांच करने और हरा राशन कार्डधारियों को राशन उपलब्ध कराने की कार्रवाई किए जाएं।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 26 लाभुकों के बीच बत्तख का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरियातू :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 26 लाभुकों के बीच 15-15 बत्तख व दवाई का वितरण किया गया। आमरवाडीह, टोटी, बालूभाँग इन सभी पंचायतो के लाभुको को इस योजना का लाभ मिला। वही प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी व जिप सदस्य रमेश राम ने लाभुकों को इस योजना के तहत मिले बतखो को अच्छी तरह पालन करने व अपने आय मे वृदि करने की हेतु मार्गदर्शन दिए. मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आज 2024 -25 के तहत स्वीकृत 26 लाभुकों को 15 -15 बतख व दवाइयां दिया गया है। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर शुशीला बागे तथा बिनोद बैठा ने बत्तखों के रख रखाव व बीमारीयो के बारे में जानकारी दी। साथ रोकथाम के विषय में बताया गया।

## बिजली नहीं रहने रहने से अंधेरे में रहने को विवश है ग्रामीण

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड के बाघचट्टा, कोनबेगी आदि गांव में पिछले चार दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण लोगों में आक्रोश पनप रहा है। झापा जिलाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया मतियस बागे ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मी और अधिकारी जनता की भावना को समझ नहीं रहे हैं, उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है वहीं दूसरी ओर अंधेरे के कारण रात में विषैले सांप बिच्छू आदि का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। आपूर्ति बहाल नहीं होने पर आंदोलन की बात भी उन्होंने कही है। इधर झापा जिलाध्यक्ष ने सत्ताधारी दल पर भी गंदी राजनीति का आरोप लगाया है।

# हेमंत सरकार के खिलाफ़ निर्णायक लड़ाई का युवा आक्रोश रैली के माध्यम से हुआ आगाज़ : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग : भारतीय जनता युवा मोर्चा, झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में शुक्रवार को झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली सह सीएम हाउस घेराव कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए झारखंड के युवाओं के साथ भाजयुमो और भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओं का धन्यवाद। झारखंड के युवाओं को उनके हक की नौकरी, उनके हक का रोजगार और पिछले 5 सालों से हो रही उनके साथ हो रही नाइंसाफी का न्याय दिलाने के लिए हेमंत सरकार के खिलाफ़ निर्णायक लड़ाई का आगाज हो चुका है। उक्त बातें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने युवा आक्रोश रैली में शामिल होने के बाद कही ।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि



भारतीय जनता पार्टी युवाओं को इंसाफ दिलाने के लिए झामुमो-कांग्रेस- राजद सरकार के हर दमनकारी कदम का मुंहतोड़ जवाब देगी। ये आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन के फव्वारे और कटीले तारों की घेराबंदी हेमंत सरकार को नहीं बचा पाएगी। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता हेमंत सरकार को सत्ता से बेदखल करने को बेताब है। झारखंड में डबल इंजन की सरकार में ही राज्य के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों, शोषितों और वंचितों का सर्वांगीण विकास कर सकती है ।

# सांढ़ पंचायत में विधायक मद के योजनाओं का अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के सांढ़ पंचायत में विधायक निधि से क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का विधायक अंबा प्रसाद ने उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने सांढ़ छपेरवा में विधायक निधि से बने शमशान घाट की चार दीवारी, सांढ़ मुक्तिधाम में बने शेड निर्माण कार्य पूर्ण होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि विधायक निधि के सदुपयोग से हर गली मोहल्ले का कायाकल्प हो रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं



का क्रियान्वयन तेजी से उतर रहा है जिसे धरातल पर उतारने का कार्य भी निरंतर जारी है। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, मीडिया प्रभारी रुपेश कुमार, कृतयानंद महतो, प्रकाश कुमार, संतोष कुमार महतो, जयहिंद कुमार, अरविंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के हुजुम के सामने प्रशासन फेल, लोग पहुंचे मोरहाबादी



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत भाजपा झारखंड प्रदेश के द्वारा आहूत एकदिवसीय युवा आक्रोश रैली के लिए बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में प्रशासन के द्वारा कई जगहों पर विध्न डालने के बावजूद मोराबादी पहूंचे। कई जगहों पर प्रशासन के द्वारा कार्यकर्ताओं को रांची जाने से रोकने का काफी प्रयास किया गया मगर कार्यकर्ता डीगे नहीं और आगे बढ़ते रहे। रैली में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पुर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, श्रीकांत निराला, भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता पुनम साहू, दिनेश करमाली, अशोक महतो, अशोक साव, किशोर राणा, रवि कुमार दांगी, जागेश्वर उर्फ बढ़न तुरी, जागेश्वर राणा, सचिदानंद पांडेय, नितेश कुमार, नागेश्वर महतो, कृष्ण गुप्ता, बिनोद महतो, सुरेश महतो, नंदकिशोर मेहता, शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, भगीरथ ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## सुदूरवर्ती गांव बटुका में फुटबॉल टूर्नामेंट का पूर्व विधायक निर्मला देवी ने किया उद्घाटन



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के बुंडू पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम बटुका संत जेवियर स्कूल के बगल में तेतरटांड़ स्टेडियम फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत पूर्व विधायक निर्मला देवी ने फीता काटकर किया। बटुका पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से पूर्व विधायक निर्मला देवी का स्वागत किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट में 32 टीमें शामिल होगी। इस दौरान पूर्व विधायक निर्मला देवी ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से लगातार टूर्नामेंट कराए जाते रहे हैं, अभी भी पूरे क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। खेल खुद के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र अग्रणी बने उसके लिए खिलाड़ियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी, मनीष उरांव, रामचंद्र उरांव, अजय साव, मुकेश उरांव, पंचायत अध्यक्ष मोहन करमाली, चिंतामण साव, मुकेश कुमार चौधरी, सुमन उरांव, महेंद्र उरांव, मिथिलेश कुमार,बालेश्वर महतो, सुभाष कुमार महतो, सतीश उरांव, अभय टोप्पो, मनोज कुमार महतो, बादल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## बेरोजगार युवकों के लिए सुनहरा अवसर, रोजगार देने हेतु एसआईएस कर रही है भर्ती शिविर का आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा हजारीबाग जिला में बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का काम कर रही हैं। उक्त संस्था द्वारा बीते 16 अगस्त से आगामी 31 अगस्त 2024 तक एसआईएस भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती शिविर में 800 सुरक्षा जवान, 200 सुरक्षा सुपरवाइजर एवं 200 कैश कस्टडियन का चयन किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें पीटी ड्रिल, औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर बैंक सिक्योरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी।

भर्ती अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ सुरक्षा जवान की उम्र 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 167.5 सेमी से ऊपर होना चाहिए। सुपरवाइजर के लिए उम्र 21 से 40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेमी एवं वजन 56 किलो अनिवार्य है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि देश भर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए हजारीबाग जिला के बेरोजगार युवकों का चयन करके उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

हजारीबाग जिला के विभिन्न थाना परिसरों में दिनांक 24 अगस्त 2024 गिद्दी थाना परिसर, 25 अगस्त 2024 गोरहर थाना परिसर, 26 अगस्त 2024 इचाक थाना परिसर, 27 अगस्त 2024 कटकमसांडी थाना परिसर, 28 अगस्त 2024 केरेडारी थाना परिसर, 29 अगस्त 2024 मुफसिल थाना परिसर, 30 अगस्त 2024 टाटीझरिया थाना परिसर, 31अगस्त 2024 सदर थाना परिसर मे शारीरिक मापदंड एवं लिखित परीक्षा ली जाएगी तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा आईएसओ 2008 मानव विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के मुख्य कार्यस्थल लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सीकरी, खजुराहो सांची स्तूप, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, सीआईडी, बिरला ग्रुप, एयरपोर्ट पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को एसआईएस के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा।

भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जाएगा, राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत योग्यता अनुसार सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस ग्रेविटी, ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिकल, आवास एवं दो बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए विभाग इस तरह के बेरोजगार युवकों को भर्ती कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराकर क्षेत्र की बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से इस तरह का शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# बर्बाद हो रहा है ज़िले का गांधी मैदान, डिजनीलैंड के बाद होने जा रहा है दही हांडी का आयोजन

- **आस पास के लोगो ने उपायुक्त से इस प्रकार के आयोजनों पर रोक लगाने की मांग की**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गांधी मैदान के पास रह रहे लोगों ने उपायुक्त को पत्र लिख ज़िले के मध्य में स्थित गांधी मैदान जो की आम जनता,युवाओं और बच्चों के लिए एक मात्र ऐसा स्थान है जहां वो खेल सकें,व्यायाम कर सकें और बुजुर्ग और महिलाएँ सुबह और शाम घूम सकें। ज्ञात हो कि गांधी मैदान के एक ओर जहां डिजनीलैंड मेले का आयोजन कर दिया गया है वहीं दूसरी ओर सोसल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हो रहा है कि दही हांडी का आयोजन अनुप्रिया फाउंडेशन नाम के सास्था के द्वारा



दिनांक 27/08/24 को आयोजित किया जा रहा है। नगर निगम हज़ारीबाग़ के द्वारा जहां लोगों के हितों को देखते हुए इस प्रकार के आयोजन हेतु अनुमति नहीं देनी चाहिए वहीं ज़िला प्रशासन की भी नज़र ऐसे आयोजनों पर होनी चाहिए जो खुले में ऐसे स्थान पर हो रही है जहां लोग घूमने और व्यायाम करने आते हैं। मटवारी गांधी मैदान के आस पास रह रहे दर्जनों लोग ने आयुक्त को पत्र दे आग्रह किया है कि तत्काल इस प्रकार के आयोजन पर रोक लगाई जाए और मामले की जाँच की जाए कि किस परिस्थिति में आयोजन हेतु अनुमति दी गई या फिर बिना अनुमति के किस प्रकार आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई।दिये गए पत्र में चिक्कू राणा, विकास कुमार, रोहित कुमार, मिथलेश सिंह, मुकुल देव के साथ कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में शामिल प्रतिभागी की मौत, पिता ने प्रशासन पर घोर लापरवाही का लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उत्पाद विभाग में सिपाही की बहाली के लिए पदमा प्रशिक्षण केंद्र में दौड़ चल रही है। यहां रोज हजारों युवक नौकरी पाने के लिए दौड़ में भाग ले रहे हैं। गुरुवार को चल रही दौड़ में शामिल एक प्रतिभागी की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, एक युवक ने उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में भाग लिया। इस दौरान वह गिर गया। आनन-फानन में युवक को मेडिकल टीम ने शेख बिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की टीम ने हार्ट अटैक की बात कही। युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा था, जहां देर रात उसकी मौत हो गयी।

**मृतक युवक की उम्र करीब 22 वर्ष है वह मांडू थाना क्षेत्र के बलसगरा के रहने वाले मित्रलाल महतो के पुत्र महेश कुमार है।**

मृतक के पिता ने प्रशासन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके बेटे के बारे में जानकारी छिपाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उनके बेटे के शव की पहचान छिपाने का प्रयास किया है। महेश कुमार की बटालियन संख्या 0267 थी, इस तथ्य को छिपाने का प्रयास किया गया। एक ओर, जहां खबरों में महेश कुमार का उल्लेख किया गया है, वहीं दूसरी ओर उनके शव को अज्ञात बताने की कोशिश की गई है। इससे यह संदेह उत्पन्न हो रहा है कि प्रशासन द्वारा सच्चाई को छिपाने की कोशिश की जा रही है। महेश कुमार के पिता ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके बेटे की मृत्यु के बाद जो भी कदम उठाए गए, वे पूरी तरह से असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदाराना थे। इस पूरी घटना से जिले में हड़कंप मच गया है, और लोगों के बीच प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी उत्पन्न हो रही है। वहीं, महेश कुमार के परिजन उनके शव की पहचान करने के लिए हजारीबाग पहुंचे। प्रशासन द्वारा इस मामले में कोई ठोस बयान जारी नहीं किया गया है, जिससे महेश कुमार के परिवार और स्थानीय लोगों के बीच गुस्सा और बढ़ गया है। यह मामला अभी भी जांच के अधीन है और महेश कुमार के परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं। यह देखना बाकी है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाएगा और क्या महेश कुमार के परिवार को न्याय मिल पाएगा।

# श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने राष्ट्रीय स्तर के कलाकार शुभम-रूपम से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 अगस्त दिन शनिवार को मुनका बगीचा के प्रांगण में तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण पर है, श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने राष्ट्रीय स्तर के कलाकार शुभम रूपम से मुलाकात की, इस दौरान सदस्यों ने कलाकारों को अपने भव्य कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया बताया कि हजारीबाग के श्याम प्रेमी भजनों की गंगा में डुबकी लगाने के लिए आपका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं 31 अगस्त का दिन हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक होने वाला है। वही शुभम रूपम ने कहा कि निश्चित रूप से बाबा श्याम एवं श्याम प्रेमियों के आशीर्वाद से हम भजनों की गंगा से हजारीबाग के शहर वासियों को मनमोहित करेंगे। शहर वासियों के द्वारा यह स्नेह और आशीर्वाद हमें काफी प्रभावित कर रहा है,अब हम सभी इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय



स्तर के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम-रूपम के साथ रोहित शर्मा एवं कृष्ण अग्रवाल अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाएगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम की भव्य ज्योत लिया जायेगा, वही बाबा श्याम का दरबार अद्भुत एवं अलौकिक श्रृंगार से सुसज्जीत होगा, छप्पन भोग, सवामणि भोग का लगाया जाएगा। यह भव्य आयोजन श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट के विशेष सहयोग से किया जा रहा है वही श्री श्याम परिवार तुलसीदास कोलकाता के विशेष आशीर्वाद से संपन्न होगा.

**महज नौ युवाओं के द्वारा किया जा रहा है यह भव्य कार्यक्रम।**

श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों की संख्या महज नौ है इसके अलावा श्याम भक्तों के द्वारा सेवा दी जाती है, यह युवक कोलकाता से उच्च शिक्षा प्राप्त कर हजारीबाग में अपनी निजी कार्यों के साथ बाबा श्याम की सेवा दे रहे हैं। अन्य सामाजिक कार्यों में सदस्यों की सहभागिता देखी जाती है। मौके पर आयोजक मंडली के सदस्यों ने कहा कि 31 अगस्त को मुनका बगीचा के प्रांगण तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसे पूर्व सदस्यों ने राष्ट्रीय स्तर के कलाकार शुभम रूपम से मुलाकात की है, बाबा श्याम का विशेष आशीर्वाद से बीते दो वर्ष का कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ है बाबा इस बार भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से संपन्न करें। भव्य कार्यक्रम में समस्त हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित है.

# मुखिया बासुदेव यादव ने निजी खर्च से कराया जर्जर सड़क के मरम्मत का कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में बीएमसी मैदान के समीप स्थित नदी में बाढ़ के कारण रास्ता पूरी तरह से कट जाने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। बताते चलें कि इसी रास्ते से हो कर गोंदलपुरा, बाबूपारा, हाहे, गाल, बलोदर और गोबरदाहा के हजारों लोगों का आवागमन प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए होता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव ने निजी खर्च से नदी में हुए कटाव को जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर ईट से भरवाया। मौके पर बासुदेव यादव ने



कहा के गाड़ी चलाना तो दूर की बाद है इस रोड पे पैदल लोगों को चलना मुश्किल था। कई लोग कीचड़ में और गड्ढे में दुर्घटनाग्रस्त हो कर घायल हो गए जिसे देखते हुए निजी खर्च से रास्ते को मरम्मत करवाने का काम किया। विधायक और सांसद से नदी पर पुल निर्माण को लेकर बात हुई है उम्मीद है बहुत जल्द पुल निर्माण के लिए अनुशंसा हो जाएगा। पुल निर्माण होने के बाद आवागमन सुगम हो जाएगा और बाढ़ में भी हम लोग आसानी से आवागमन कर सकेंगे। मौके पर मुख्य रूप से रोहित राम, मो सलीम, विनोद महतो, सुनील महतो, राजेंद्र, चंदन, बिहारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी का मिलन समारोह सम्पन्न, दर्जनों लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखण्ड के चेपाकला पंचायत भवन मे डाड़ीकला, चेपा कला, जुगरा और आराहारा के सैकड़ो महिला पुरुष एकजुटता दिखाते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव और बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी के उपस्थिति मे पार्टी के नितियों और रौशनलाल चौधरी पर विश्वास जताते हुए आजसू पार्टी का दामन थामा। इस मिलन समारोह की अध्यक्षता आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक और संचालन राजेश्वर महतो ने किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि, जमीन हमारा घर हमारा तो आज जो बेबसी की जिंदगी जीना पड़ रहा है इसका जिम्मेवार कौन है, आखिर एक परिवार का शासन पंद्रह सालों तक इस क्षेत्र में रहा है, और




विधायक के साथ साथ मंत्री, पांच सालों तक खुद का सरकार बावजूद बड़कागांव विधानसभा की बदहाली काफी पीड़ा देने वाली है। मै आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ की बड़कागांव के बदहाली से निकालने के लिए मै हर वो मुमकिन कोशिश करुगा जिससे बड़कागांव विधानसभा विकास के पैमाने मे झारखण्ड के टॉप विधानसभा मे गिनती की जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, जिला सचिव गिरेंद्र प्रसाद, प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, प्रखण्ड सचिव मनोज दांगी, प्रखण्ड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार, आजसू के वरिष्ठ नेता और समाज सेवी शशि कुमार मेहता, उप सचिव घनश्याम कुमार दांगी, समाजसेवी खेमानी साव, राजेश्वर महतो, सुनील महतो, महिला मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष श्रीमती रीना कुमारी, तुलेश्वर महतो, नॉलेश यादव,दीपक कुमार साव आदि उपस्थित थे।

# पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के 85 वी में जयंती के अवसर पर स्थानीय सी पी आई एम कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता तपेश्वर राम और संचालन लक्ष्मी नारायण सिंह ने किया. इस अवसर पर सी पी एम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि मुण्डा जी भारत के एक प्रमुख बौद्धिक और सांस्कृतिक व्यक्ति थे. आदिवासी अधिकारों के लिए राँची, पटना, दिल्ली से लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों तक उन्होंने आवाज उठायी, दुनिया के आदिवासी समुदायों को संगठित किया और देश व अपने गृहराज्य झारखंड में जमीनी सांस्कृतिक आंदोलनों को नेतृत्व प्रदान किया. 2007 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी का सम्मान मिला. 22 मार्च 2010 में राज्यसभा के सांसद बनाए गए और 2010 में ही वे पद्मश्री से सम्मानित किया गया. 23 अगस्त 1939 को गंधर्व सिंह एवं लोकमा के इकलौते पुत्र डॉ राम दयाल मुंडा का जन्म राँची, तमाड़ प्रखंड के दिउड़ी गांव में हुआ था.



इनकी प्राथमिक शिक्षा लूथर मिशन स्कूल अमलेसा और माध्यमिक शिक्षा, ठक्कर बाप्पा छात्रावास में रहते हुए 1953 में खूंटी हायर सेकेंडरी स्कूल से हुई. राँची विश्वविद्यालय से मानव विज्ञान में स्नातकोत्तर करने के बाद ये अमरिका के शिकागो विश्वविद्यालय से वर्ष 1968 में भाषा विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री ली. 1975 में पीएचडी की डिग्री ली. शिकागो और मिनिसोटा के विश्वविद्यालयों में पढ़ने के बाद कई सालों तक वहां पढ़ाया भी. बाद में राँची विश्वविद्यालय में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के नवस्थापित विभाग का कार्यभार संभालने के लिए रांची यूनिवर्सिटी के तत्कालीन कुलपति डॉ कुमार सुरेश सिंह ने इन्हें 1980 में रांची बुलाया था. यहाँ आकर न सिर्फ शिक्षा बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक नवजागरण के कार्यक्रम भी चलाते रहें. मुण्डा जी ने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा एवं उनके शहीद साथियों की रणभूमि डोंबारी बुरु में जनसहयोग एवं सरकारी विभागों के साथ आदिवासी महानायक बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा एवं 80 फीट ऊंचे शहीद स्तंभ के निर्माण में भी डॉ रामदयाल मुंडा की अहम भूमिका रही. 30 सितम्बर 2011 को इनका निधन हो गया. इनके विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य इनके पुत्र गुंजल इकिर मुण्डा बखुबी कर रहें हैं. इस अवसर पर सुरेश रविदास ईश्वर महतो रामचंद्र महतो बालेश्वर रविदास सुबोध पासवान राजेश राम मोहम्मद अशरफ ननकू राम अजय राम किरण देवी अंजू देवी रंजना देवी पिंकी देवी सहित कई पार्टी सदस्य गोष्ठी मे उपस्थित थे.

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया. जिला कोडरमा
Emali - jhumriltelayamunicipalcouncil@gmail.com

झुमरी तिलैया नगर परिषद स्वतंत्रता दिवस, 2024 के शुभ अवसर पर सभी नगर वासियों से अपील करती है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें। नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स सहित अन्य करों का भुगतान करे एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

सफाई अपनाओ
बीमारी भगाओ
1 जुलाई-31 अगस्त

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

ज्ञापांक 2272
दिनांक 12/08/2024

## गिरिडीह में जेएसएलपीएस द्वारा लेखा पुस्तकों को अद्यतन करने को लेकर हुई विशेष बैठक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ज़िले में पलाश जेएसएलपीएस अंतर्गत सभी सामुदायिक संगठनों जैसे संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम संगठन एवं सखी मण्डलों के लेखा पुस्तकों को अद्यतन करने हेतु विशेष बैठक का आयोजन जिले के सभी प्रखंडों/कलस्टरों में किया गया। बैठक सुबह 9ः00 बजे से प्रारम्भ हुई है। बैठक का सत्यापन शनिवार 24 अगस्त 2024 को संबंधित सामुदायिक समन्वयक/ कैडर/प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया जायेगा। जिसमें सभी बिंदुओं पर सघनता से जांच की जाएगी। जेएसएलपीएस डीपीएम पंकज कुमार ने बताया कि सत्यापन के बाद लेखा पुस्तकों से संबंधित प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को समर्पित किया जाएगा।

## जेएसएलपीएस ने किया आवश्यक बैठक



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी( पलाश )के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के आदेशानुसार सामुदायिक संगठन स्तर पर संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम संगठन, सखी मंडलो का लेखा पुस्तकों को अधतन करने हेतु विशेष बैठक का बैठक विभिन्न संकुल कार्यालयों में, ग्राम संगठनों व सखी मंडलो में विशेष बैठक की गई और सभी रिकॉर्ड अधतन किया गया सरिया प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में नावाडीह सी एल एफ, अमनारी सी एल एफ,बंदखारो सी एल एफ,सरिया सी एल एफ एवं कोमल ग्राम संगठन, चौधरीडीह ग्राम संगठन, नावाडीह ग्राम संगठन, उर्रो ग्राम संगठन, तथा गणेश सखी मंडल, राम सखी मंडल समेत सभी का बैठक कर पुस्तक अपडेट किया गया। इसमें संकुल के सामुदायिक समन्वयक संतोष यादव, अजय, पंकज आईपीआरपी हीना खातून, मुस्तकीम रजा, बासुदेव समेत सभी स्टाफ फील्ड में मुस्तैदी के साथ लग रहे।उक्त कार्यक्रम का मॉनिटरिंग फील्ड थेमेटिक कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश कुमार वर्मा कर रहे थे ।

## जदयू के जिला अध्यक्ष को धनबाद रेल मंडल के सदस्य बनने पर दी बधाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह को भारत सरकार के रेल मंत्री द्वारा धनबाद रेल मंडल का उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। पिंटु कुमार सिंह के नाम की अनुशंसा जनता दल यू. के राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने किया। इनके मनोनयन पर जनता दल यू. के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, मुन्ना सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, के.बी. सहाय, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता गुलाब महतो, राजेन्द्र राही, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान, रीता रानी मंडल, झप्पु सिन्हा, बबलु मोदक, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विद्यानन्द पासवान, डॉ. राजेश राम, सुबोध सिंह, जिला सचिव बैजु सिन्हा, राज कुमार पाण्डेय, टोनी सिंह, अशोक कुमार दास, दिलीप सिन्हा आदि ने बधाई दी।



## संतोषी माता की हुई पूजा अर्चना, अखंड हरिकीर्तन का हुआ आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया विधानसभा अंतर्गत भागा दो नंबर स्तिथ मां संतोषी मंदिर में मां संतोषी की वार्षिक पूजा का आयोजन किया गया जिसमें मां की पूजा के साथ 24 घंटे का हरि कीर्तन का भी आयोजन किया गया। बताते चले कि भागा स्थित श्री श्री मां संतोषी मंदिर में वर्षो से पूजा होते आ रही है । सन 1976 में पूजा का आरंभ हुआ था। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार चौहान, चीकू चौहान, विकास कुमार, मंटू पंडित, टुन्नू पासवान, केदार पासवान, नीलू देवी, प्रियंका देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी सहित स्थानीय लोग शामिल थे और बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## गिरिडीह में केंद्र सरकार के खिलाफ झामुमो ने किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में झामुमो ज़िला कार्यालय में झारखंडी अधिकार मार्च को लेकर अहम बैठक हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष संजय सिंह ने की। बैठक के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पैदल मार्च निकालकर ज़िला कार्यालय से टावर चौक तक के लिए निकाला गया। जहां सभी कार्यकर्ता केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ नारेबाज़ी करते हुए टावर चौक पहुँचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भाजपा ने युवाओं को ठगने का काम किया है जो भाजपा आज युवा के नाम पर रैली निकाल रही है उसे बताना होगा कि झारखंड के 24 वर्ष में 17 साल तक भाजपा ने ही राज किया है उसने कितने युवाओ का भला किया? मोदी के दो करोड़ सालाना रोज़गार का क्या हुआ? विश्वकर्मा योजना का क्या हुआ? सबके खाते में पंद्रह लाख का क्या हुआ 100 स्मार्ट सिटी का क्या हुआ बुलेट ट्रेन का क्या हुआ? आज तक कोई भी वादा न पूरा करने वाली पार्टी भाजपा सिर्फ़ झारखंड के युवाओं को बरगला कर रखना चाहती है। बाबूलाल मरांडी जी को बताना चाहिए कुतुबमीनार पर कब चढ़ेंगे? बाबूलाल जी जैसे पलटू नेता जब अपने बात पर नहीं खड़े रहे तो युवाओं के साथ क्या रहेंगे? इसे झारखंड के हर एक नागरिक को समझना होगा। कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड के हर एक वर्ग के लोगो के लिये तमाम तरह की योजनाएँ चालू है चाहे सर्वजन पेंशन हो, चाहे सावित्री बाई फुल्ले योजना* हो, चाहे युवाओ को रोज़गार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री रोज़गार योजना हो, चाहे झारखंड मुख्यमंत्री मईयाँ सम्मान योजना हो। इन सब योजनाओं के सफल होने से भाजपा को अपना वोट बैंक खिसकता नज़र आ रहा है इसी कारण ये भाजपाई झारखंड के लोकप्रिय सरकार को अपदस्थ करने के लिए ईडी का सहारा लेते है तो कभी झूठे मुक़दमों का।

# झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ने धनबाद जिले के सभी 10 प्रखंडों में मिशन मोड पर रजिस्टर अद्यतन कार्य शुरु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ने धनबाद जिले के सभी 10 प्रखंडों में मिशन मोड पर रजिस्टर अद्यतन कार्य शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य आजीविका समूहों की गतिविधियों को सुचारू और पारदर्शी बनाना है। JSLPS द्वारा संचालित सखी मंडल, ग्राम संगठन और संकुल संगठन के सदस्य इन रजिस्टरों के अद्यतन में लगे हैं।

इन रजिस्टरों में ऋण पुस्तक, बचत पुस्तक और बैठक प्रस्ताव पुस्तक शामिल हैं। ऋण पुस्तक में समूहों द्वारा दिए गए ऋणों का विवरण और उसकी वापसी की स्थिति दर्ज की जाती है, जबकि बचत पुस्तक में सदस्यों की जमा की गई राशि का हिसाब होता है। बैठक प्रस्ताव पुस्तक में हर बैठक में उठाए गए प्रस्तावों और निर्णयों का विवरण लिखा जाता है।



सभी रजिस्टरों के अद्यतन और सुधार से न केवल रिकॉर्ड की सटीकता सुनिश्चित होगी, बल्कि इसका लाभ प्रबंधन और निगरानी में भी होगा। इससे समूहों की गतिविधियों की पारदर्शिता बढ़ेगी और वित्तीय लेन-देन को ट्रैक करना सरल होगा। यह कदम आजीविका समूहों के समग्र प्रबंधन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। इस मिशन की निगरानी जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन के नेतृत्व में की गई। उनके साथ सभी जिला प्रबंधक और प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भी क्षेत्र में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

इन प्रबंधकों ने विभिन्न आजीविका समूहों, सखी मंडल, ग्राम संगठन, और संकुल संगठन की गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया और रजिस्टर अद्यतन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। ऋण पुस्तक, बचत पुस्तक, और बैठक प्रस्ताव पुस्तक के अद्यतन में इन प्रबंधकों का मार्गदर्शन और समर्थन महत्वपूर्ण था। प्रबंधकों की इस मुहिम ने रजिस्टरों की सटीकता और अद्यतन की प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाया। इस सामूहिक प्रयास से न केवल रिकॉर्ड की गुणवत्ता में सुधार हुआ, बल्कि समूहों की वित्तीय लेन-देन और बैठक प्रस्तावों की निगरानी भी बेहतर ढंग से की जा सकी। इससे आजीविका समूहों के प्रबंधन में एक नया स्तर की पारदर्शिता और प्रभावशीलता आई है।

## तालाब में तैरता मिला युवक का शव, जांच में जुटी भरकट्टा पुलिस

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार की सुबह भरकट्टा ओपी क्षेत्र के जुठाहाआम के पास स्थित एक तालाब में एक युवक का शव तैरता हुआ देखा गया, जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भरकट्टा पुलिस को दी गई। मृतक की पहचान इसी प्रखंड के कल्याणपुर निवासी पच्चू यादव के रूप में की गई। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया और मौत के कारणों की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। वहीं मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया है। पत्नी ने आरोप लगाया कि उनके पति के शव पर चोट के निशान हैं, जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पच्चु यादव का किसी के साथ कोई विवाद या दुश्मनी नहीं था लेकिन उनकी हत्या की आशंका से वे बहुत दुखी और स्तब्ध हैं। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि वे सभी पहलुओं पर गौर कर रही है ताकि मामले का जल्द से जल्द खुलासा हो सके। भरकट्टा ओपी प्रभारी ने बताया कि पच्चु यादव के परिवार वालों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है और मामले को गंभीरता से लेते हुए साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया है कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की पूरी तरह से जांच की जाएगी और दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा दी जाएगी।

## महाप्रबंधक ने किया पटना-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलखंड का विंडो ट्रैलिंग निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा राजेंद्रपुल, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर के रास्ते पटना से हाजीपुर तक विंडो ट्रैलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य पड़ने वाले स्टेषनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, समपार फाटक सिगनलिंग प्रणाली सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विषेष बल दिया । उन्होंने दरभंगा एवं सीतामढ़ी स्टेषन का भी निरीक्षण किया ।

सीतामढ़ी में महाप्रबंधक ने सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी, प्लेटफार्म सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा दरभंगा एवं सीतामढ़ी स्टेषन पर स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यो की अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया । पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा । इस दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद तथा समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की पहली किस्त आते ही महिलाओं में हेमंत सरकार के प्रति जगा विश्वास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** धनबाद जिले के प्रत्येक प्रखंडों में झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मंईया सम्मान निधि योजना की पहली किस्त आते ही शहरों से लेकर गांवों की महिलाओं में अपार खुशियां देखी जा रही है साथ ही झारखंड सरकार के प्रति महिलाओं का विश्वास जागृत हुई है। बताते चलें कि हेमंत सोरेन ने कुछ महीने पहले महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपए पेंशन के तौर पर देने का वादा किया था जिससे ससमय वादा पूरे किए जाने से झारखंड की महिलाओं में ख़ासे उत्साह देखीं जा रही है एवं हेमंत सोरेन सरकार की भूरि भूरि प्रशंसा कर रही है खासकर टुंडी की रहने वाली फूलमनी देवी एवं शांति मंझियान ने कहा कि सरकार की यह योजना खासकर गांवों में निवास करने वाली महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा लोगों का गुजारा भत्ता के साथ साथ छोटे छोटे बच्चों की पढ़ाई में भी यह पैसा काफी हद तक कारगर साबित होगा। पहली किस्त निकालते वक्त महिलाओं में ख़ासे उत्साह देखते बनती थी। झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली यह अति महाकांक्षी योजना इस समय धरातल पर उतारकर सरकार ने मानवता का परिचय दिया है।


### कार्यालय नगर पंचायत डोमचॉच

**अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2024–25 दिनांक 22.08.2024**

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 15 वें वित्त आयोग | | | | |
| 1 | 01 | नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्रांतर्गत गुधर पार्क का निर्माण कार्य, वार्ड सं0 13 | 8633715.00 | 172674.00 | 10000.00 | 06 Months |
| A | | Date of Publication of Tender on website | | | 27-08-2024 (10:00 AM) | |
| B | | Last Date / Time for receipt bid on online | | | 03-09-2024 (05:00 PM) | |
| C | | Date of opening Tender | | | 05-09-2024 (11:00 AM) | |
| D | | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | | Helpline No. | | | +91-6202577681 | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत डोमचांच

PR 333557 (Urban Development)24-25*D

### कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा।
अतिअल्पकालीन नीलामी
हाट–बाजार, जयनगर एवं मरकच्चो

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 ( केवल 01 अक्टूबर 2024 से 30 सितम्बर 2025 तक) के लिए प्रखण्ड जयनगर एवं मरकच्चो अन्तर्गत पूर्ण रूप से तैयार हाट–बाजार की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा के कार्यालय कक्ष/सभागार में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्र0सं0 | हाट–बाजार का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पेठियाबागी हाट–बाजार, जयनगर प्रखण्ड | 1,00,000.00 | 10,000.00 | 31/08/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |
| 2 | हाट–बाजार, मरकच्चो प्रखण्ड | 3,00,000.00 | 30,000.00 | 31/08/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 333546 (Panchayati Raj) 24-25 (D)

### कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

–:आम सूचना :–

" दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन "

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सूनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | पचांयत | | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक/ कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | 1 | छतरबर | पचांयत भवन | 16.08.2024 17.08.2024 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया। 2. श्री शंकर दयाल शर्मा (पशुधन सहायक) | 9934748130 |
| | | 2 | डुमरडीहा | पचांयत भवन | 20.08.2024 21.08.2024 | | |
| | | 3 | गझण्डी | पचांयत भवन | 22.08.2024 23.08.2024 | | |
| | | 4 | जरगा | पचांयत भवन | 27..08.2024 28.08.2024 | | |
| | | 5 | कोलगरमा | पचांयत भवन | 29.08.2024 30.08.2024 | | |
| | | 6 | चाराडीह | पचांयत भवन | 19.08.2024 20.08.2024 | 1. डॉ0 विनिता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा। 2. श्री विनोद तिवारी (अनुसेवक) | 9431537040 |
| | | 7 | झुमरी | पचांयत भवन | 22.08.2024 23.01.2024 | | |
| | | 8 | करमा | पचांयत भवन | 30.08.2024 31.08.2024 | | |
| | | 9 | पुरनानगर | पचांयत भवन | 05..09.2024 06.09.2024 | | |
| | | 10 | पाण्डेडीह | पचांयत भवन | 10.09.2024 11.09.2024 | | |
| | | 11 | पथलडीहा | पचांयत भवन | 14.09.2024 15.09.2024 | | |
| 2 | सतगॉवा | 12 | शिवपुर | पंचायत भवन | 16.08.2024 17.08.2024 | 1. डॉ रविकांत प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सतगांवा। 2. श्री नीतीश कुमार ठाकुर (पशुधन सहायक) | 8540956364 |
| | | 13 | समलडीह | पंचायत भवन | 20.08.2024 21.08.2024 | | |
| | | 14 | माधोपुर | पंचायत भवन | 22.08.2024 23.08.2024 | | |
| | | 15 | मीरगंज | पंचायत भवन | 24.08.2024 27.08.2024 | | |
| | | 16 | कटैया | पंचायत भवन | 28.08.2024 29.08.2024 | | |
| | | 17 | टेहरों | पंचायत भवन | 30.08.2024 31.08.2024 | | |
| 3 | जयनगर | 18 | जयनगर पश्चिमी | पंचायत भवन | 16.08.2024 17.08.2024 | 1. डॉ0 तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2.श्री विशुन महतो (रात्रि प्रहरी) | 9931742693 |
| | | 19 | सतडीहा | पंचायत भवन | 21.08.2024 22.08.2024 | | |
| | | 20 | चेहाल | पंचायत भवन | 23.08.2024 24.08.2024 | | |
| | | 21 | योगियाटिल्हा | पंचायत भवन | 27..08.2024 28.08.2024 | | |
| | | 22 | जयनगर पूर्वी | पंचायत भवन | 21.08.2024 22.08.2024 | | |
| | | 23 | ककरचोली | पंचायत भवन | 23.08.2024 24.08.2024 | | |
| | | 24 | डण्डाडीह | पंचायत भवन | 28..08.2024 29.08.2024 | | |
| | | 25 | नईटॉड | पंचायत भवन | 30.08.2024 31.08.2024 | | |
| 4 | डोमचॉच | 26 | पारहों | पंचायत भवन | 16.08.2024 17.08.2024 | 1. डॉ अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच, 2. श्री ओमप्रकाश (रात्रि प्रहरी) | 9934352062 |
| | | 27 | जानपुर | पंचायत भवन | 20.08.2024 21.08.2024 | | |
| | | 28 | ढोढ़ाकोला | पंचायत भवन | 24..08.2024 27.08.2024 | | |
| | | 29 | काराखुंट | पंचायत भवन | 28..08.2024 29.08.2024 | | |
| | | 30 | नावाडीह | पंचायत भवन | 16.08.2024 17.08.2024 | 1. डॉ राजेश कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचॉच 2. श्री हरिशचन्द्र मिश्रा (अनुसेवक) | 8789914345 |
| | | 31 | ढाब | पंचायत भवन | 21.08.2024 22.08.2024 | | |
| | | 32 | बंगाखलार | पंचायत भवन | 23.08.2024 24.08.2024 | | |
| | | 33 | फूलवरिया | पंचायत भवन | 28.08.2024 29.08.2024 | | |
| 5 | मरकच्चो | 34 | चोपनाडीह | पंचायत भवन | 21.08.2024 22.08.2024 | 1. डॉ अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो 2. श्री कृष्णा सिह (अनुसेवक) | 7903560601 |
| | | 35 | दशारोखुर्द | पंचायत भवन | 23.08.2024 24.08.2024 | | |
| | | 36 | जामू | पंचायत भवन | 27.08.2024 28.08.2024 | | |
| | | 37 | महुगाय | पंचायत भवन | 29..08.2024 30.08.2024 | | |
| | | 38 | मरकच्चो उत्तरी | पंचायत भवन | 03.09.2024 04.09.2024 | | |
| | | 39 | सिमरिया | पंचायत भवन | 05.09.2024 06.09.2024 | | |
| 6 | चन्दवारा | 40 | बेन्दी | पंचायत भवन | 16.08.2024 17.08.2024 | 1. डॉ कृष्ण चन्द्र झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा 2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 9934182005 |
| | | 41 | आरागारों | पंचायत भवन | 21.08.2024 22.08.2024 | | |
| | | 42 | मोण्डो | पंचायत भवन | 23.08.2024 24.08.2024 | | |
| | | 43 | चन्दवारा पूर्वी | पंचायत भवन | 30..08.2024 31.08.2024 | | |
| | | 44 | चन्दवारा पश्चिमी | पंचायत भवन | 02.09.2024 03.09.2024 | | |
| | | 45 | बिरसोडीह | पंचायत भवन | 04.09.2024 05.09.2024 | | |

नोट :– शिविर आयोजन का उदेश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।

शिविर का समय :–सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।

1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

निवेदकः– जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी,कोडरमा

PR 333565 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

# प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के लिए जागरूकता रथ रवाना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निदेश पर 23 अगस्त से 10 सितंबर 2024 तक लोहरदगा जिला के चिन्हित 47 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) वाले गांवों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) चलाया जाएगा। इस अभियान की जानकारी हेतु आज समाहरणालय परिसर लोहरदगा से एक जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस जागरूकता रथ के जरिए आम जनों को इस अभियान की जानकारी दी जाएगी। जिला के 47 पीवीटीजी गांवों में लाभार्थी संतृप्त शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें आधार इनरोलमेंट व आधार कार्ड जारी करना, पीएम-जनधन के तहत बैंक खाते खोलना, सभी पात्र लाभार्थियो को आयुष्मान भारत कार्ड नामांकन (पीएम-जेएवाई), सभी पीवीटीजी को सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी करना, सिकल सेल रोग (एससीडी) और बुनियादी स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच, वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत मान्यता देना और उसके अनुसार वन पट्टा जारी करना के साथ-साथ छात्रवृत्ति योजना का लाभ देना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामान्य निधि, एएससीडी मरीजों के लिए योजना आदि का लाभ दिये जाने का कार्य किया जाएगा। सितंबर माह में मेगा राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रस्तावित जिसमें जिला स्तर व राज्य में भी कार्यक्रम होंगे। आज रथ रवाना के समय आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य उपस्थित थे।

## जय श्रीराम समिति के चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार, महामंत्री के लिए दो पेपर की हुई बिक्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति के चुनाव को लेकर बाजार में गहमा-गमही के बीच दो उम्मीदवारों ने महामंत्री पद का पेपर खरीद कर त्रिकोणीय मुकाबला बना दिए हैं। आज महामंत्री पद के लिए प्रदीप साहू एवं जीवन महतो ने पेपर खरीद कर अपना-अपना दावा पेस किए। प्रदीप साहू ने कहा समाज संगठन के लिए कुछ योगदान कर सकूं ऐसा सोच के साथ मैदान में ताल ठोक रहा हूं सेवा ही हमारा कर्म भूमि रहा है। जीवन महतो ने कहा समिति के द्वारा किया हुआ सनातन समाज का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा है मैं उम्मीद और विश्वास के साथ समाज के बीच में जाने को बेकरार हूं कि मुझे आशीर्वाद मिले और समाज संगठन के लिए कुछ कार्य करके समिति को आगे बढ़ा सकू जिससे सनातन समाज को एक मजबूती प्रदान हो सके।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की मांगों पर शीघ्र समुचित निर्णय ले सरकार : सुखदेव भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लोहरदगा जिला की शिक्षिका एवं शिक्षकेतर कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को लोहरदगा लोकसभा के सांसद श्री सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर सांसद से मुलाकात कर उन्हें पांच सूत्री मांग का एक ज्ञापन सौपकर उसका निदान करने किए। ज्ञापन में कहा गया कि 10 साल से सेवारत कर्मियों का सीधा समायोजन किया जाए, सरकार द्वारा सभी संविदा कर्मियों के वेतन में 50 प्रतिशत की वृद्धि की जाए, पेंशन, ईपीएफ एवं मेडिकल भत्ता का लाभ दिया जाए ।सरकारी बहाली में पूर्व से बहाल शिक्षकाओं, लेखापाल गार्ड एवं रसोइयों को उनके पद के अनुरूप नियुक्ति में आरक्षण दिया जाए ।बिना दोष या छोटी गलतियों पर शिक्षिकाओं, शिक्षकेतर कर्मियों को नौकरी से नहीं हटाया जाए। सांसद ने ज्ञापन में दिए गए सभी मांगों को गंभीरता से पढ़ा, उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षका एवं शिक्षकेतर कर्मी झारखंड के लगभग एक लाख बच्चियों का देख-रेख करते हैं। इन लोगों का 24 घंटे का ड्यूटी रहता है। उनकी मांगों पर सरकार को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समुचित निर्णय लेना चाहिए। श्री भगत ने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ड्रॉप आउट बच्चों के लिए खोला गया था। पहले सिर्फ 8 वर्ष तक की पढ़ाई होती थी। जब मैं विधायक था तब विधानसभा में आवाज उठाकर पूरे राज्य में 10 तक की पढ़ाई की व्यवस्था करवाया था। इनकी मांगों को सरकार से अवगत कराकर उसका निदान करने का प्रयास करेंगे और जरूरत पड़ा तो इनकी मांगों को संसद में भी उठायेंगे। मौके पर मेनका प्रजापति, जयमाला कुमारी, प्रेमदानी, रीता कुमारी, राखी कुमारी, अंजूलता, शाखा, प्रमोद जी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन का मुकाबला हुआ जबरदस्त, झारसुगड़ा ने मारी बाजी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन केएफसी सिमडेगा बनाम शिव शंकर क्लब झारसुगुड़ा के बीच खेला गया जिसमें शिव शंकर क्लब झारसुगुड़ा ने केएफसी सिमडेगा को 03:01 गोल कर जीत हासिल कर दूसरे चरण में अपना स्थान बना लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि झारखण्ड सिमेंट (ठेठईटांगर)के मालिक हाजी मुमताज आलम जी और उसके सुपुत्र अबु रयान रहे। आज का मैच एसके स्पोर्ट डिबडीह बनाम बिरमित्रापुर डायमंड क्लबबीच खेला जाएगा, इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कमेटी के सभी मेंबर मेंबर जी-जान से लगे हुए हैं द्य डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, उपाध्यक्ष असफाक आलम, पिंटू कुमार सिंह,सचिव अरशद अफरीदी, उपसचिव वेद प्रकाश प्रधान, मोहम्मद हाशिम, कोषाध्यक्ष साजिद आलम उर्फ टीपू, मंच संचालन श्यामसुंदर मिश्रा, खेल प्रभारी राजा आलम, असजद अफरीदी, सदस्य गन मो फ़िरदौस, अभिषेक विश्वास, अब्दुल वाहिद, मो वसीम, मो आवेश, कामरान, काशिफ, राजा, तहसीन, साजिद, पप्पू शाह, मिथलेश पांडे, कपिल, इमरान, हेमंत, मनोज, कारू, आसिफ, नवाब, मुख्तार, आसिफ, हलीम, शुभम, सोनू , इसाक आदि सदस्यों की मुख्य भूमिका है ।

# किशोरों के अनुकूल बन उन्हें स्वास्थ्य सेवा से जोड़ें : प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूडू के सभागार में स्वास्थ्य विभाग, एवं सेन्टर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज (सी3) के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला किया गया जिसमें सीएचओ एवं ए.एन.एम को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरावस्था का महत्व, किशोरों द्वारा स्वास्थ्य सेवा लेने में वर्तमान चुनौती समाधान एवं सेवा प्रदाता कि भूमिका के विषय पर जानकारी दिया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उदघाटन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं प्रखण्ड लेखा प्रबंधक के द्वारा किया गया। प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि किशोरों को हमें स्वास्थ्य सेवा से जोड़ने के लिए उनके अनुकूल बनना होगा उनसे जुड़ कर कार्य करना होगा जिस से वे हमें अपनी समस्या को बतला पायेंगे तो आपके द्वारा उसका बेहतर तरीके से समाधान होगा। प्रखंड लेखा प्रबंधक ने कहा कि एक सेवा प्रदाता के रूप में आपकी एक महत्वपूर्ण भूमिका है विशेष कर किशोरों के साथ आपको दोस्ताना और नम्र वयव्हार करना होगा उनकी समस्या को ध्यान से सुनना होगा और उसका निराकरण करना होगा। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रशिक्षक के द्वारा उपस्थित सीएचओ एवं ए एन एम को किशोरावस्था में परिवर्तन, वर्तमान में किशोरों से जुडी समस्या, सेवा लेने में चुनौतियां, एक सेवा प्रदाता के रूप मे कैसे हम किशोरों से जुडी हुई समस्या की पहचान कर उसका समाधान करें इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखण्ड लेखा प्रबंधक, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बी.टी.टी, सी3 के रंजन कुमार,पवन कुमार गुप्ता एवं मुबेद अखूतर तथा सीएचओ एवं ए एन एम उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आज



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 24 अगस्त दिन शनिवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत,नगर अध्यक्ष रूस्तम खान ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक विगत दिनों विधानसभा के समक्ष एवं बापू वाटिका के समीप सत्याग्रह एवं कटोरा, नगाड़ा कार्यक्रम की समीक्षा, आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा आदि शामिल हैं। इस बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो,प्रधान महासचिव कयूम खान, सलाहकार समिति सदस्य प्रो. विनोद भगत सहित कई गण्यमान्य भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं।

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के प्रयास से दुर्घटना में घायल मरीज का किया जा रहा है उचित इलाज



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नारी नावाडीह निवासी मकबूल अंसारी पिता कुदरत अंसारी उम्र 50 वर्ष को 21 तारीख के रात मे सडक दुर्घटना मे घायल हो गये थे जिसमे उन्हे गंभीर चोट आई जिससे रिम्स मे भर्ती किया गया है जिसके बेहतर इलाज के लिए मरीज के परिजनों के द्वारा माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से सम्पर्क किये एव उनके बेहतर इलाज के लिए मददत की मांग किये। माननीय मंत्री डॉ रामेश्वार उरांव के द्वारा मरीज के गंभीर स्थिति को देखते रामेश्वर रामेश्वर उरांव के द्वारा मरिज के बेहतर इलाज के लिए रिम्स प्रबंधक् से बात कर अपने प्रभारी खान को रिम्स भेज कर मरिज के बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था उपलब्ध कराया गया। अभी मरीज को आईसीयू मे इलाज किया जा रहा। साथ् हि मरिज् के इलाज में आर्थिक रूप से भी मदद की बात कहि इस कार्य हेतु परिजनों के द्वारा माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को आभार किया गया।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिये अधिक से अधिक फॉर्म भरें : सुनंदा दास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत जिला के नवोदय विद्यालय जोगना के बहुददेशीय सभागार में जिले के सभी प्रखंडों से आये सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ प्राचार्य द्वारा बैठक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। वही विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सभी प्रखंड से सरकारी विद्यालय के प्रधानध्यायपकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित जिला एक मात्र पीएम श्री द्वारा चयनित जवाहर नवोदय में 2025 में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं का नामांकन के लिये पंजीकरण करने हेतु अपील किया गया। साथ ही बताया कि प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने का अंतिम तिथि 16.9.2024 तक निर्धारित समय है। वही विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका कुमुदिनी अनुपम प्रसाद द्वारा नवोदय विद्यालय जोगना के उपलब्धियों को पीपीटी के माध्यम से क्रमवार प्रदर्शित करते हुए विस्तापूर्वक जानकारी दिया गया। वही जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील करते हुए कहा गया की जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिये अधिक संख्या में छात्र छात्राओं का फॉर्म भरें जिसे बच्चे बच्चियां पढ़ लिखकर शिक्षित हों और देश तथा समाज सेवा में योगदान दें।

छात्रों के लिए उज्जवल भविष्य का मूल मंत्र है पढ़ाई : सुखदेव भगत

## एनएसयूआई का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद सुखदेव भगत से मिल, उन्हें बुके देकर किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला एनएसयूआई का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर सांसद बनने पर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया और लाइब्रेरी, शौचालय, पुस्तक जैसी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मौके पर सांसद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई ही छात्रों का मूल मंत्र होना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से ही हम आगे बढ़कर समाज एवं राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। छात्रों का पहला उद्देश्य पढ़ाई होना चाहिए और इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सांसद ने कहा कि वह जल्द ही बलदेव साहू महाविद्यालय एवं छात्रावास आएंगे और वहां की समस्याओं से अवगत होकर उनका निदान करने का प्रयास करेंगे साथ ही साथ आपने अभी जो समस्याओं से जो अवगत कराया है उसका भी निदान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर एनएसयूआई के गोविंद भगत, अमन अंसारी, कोल्हाई उरांव, अभियान उरांव, सचित उरांव, आशीष उरांव, रामचंद्र उरांव, अभिषेक उरांव, सजन भगत, निमित उरांव, शुभम शाहदेव, फूलचंद उरांव सहित अनेक छात्र उपस्थित थे।

## तानाशाही पर उतर आई है हेमन्त सरकार, आक्रोश रैली को रोकने का हुआ प्रयास : मीडिया प्रभारी भाजपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में मुख्यमंत्री आवास घेराव आक्रोश रैली के तहत 70 बसों में सवार होकर भाजपा कार्यकर्ता रांची के लिए निकले प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा था। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा सिमडेगा मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा की सरकार के दबाव में प्रशासन द्वारा जानबूझकर भाजपा कार्यकर्ताओं को जगह-जगह रोका गया ये सरकार की सरासर तानाशाही है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 5 लाख नौकरी का वादा बेरोजगारी भत्ता इन सभी मुद्दों को लेकर झारखंड के युवा आक्रोश में है उनकी आवाज बनकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आक्रोश प्रदर्शन तय किया गया था, हेमन्त सोरेन सरकार के संरक्षण में सत्ता का दुरुपयोग करते हुए युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया फिर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने आक्रोश का प्रदर्शन करते हुए दबाव को झेलते हुए मोराबादी मैदान पहुंचे और आक्रोश प्रदर्शन में भाग लिए आज के आक्रोश प्रदर्शन से तय हो गया की झारखंड की जनता अब यह सरकार को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है 2 महीने के बाद विधानसभा चुनाव में गठबंधन सरकार को मुंह की खानी पड़ेगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त को, मंदिरों एवं घरों में श्रीकृष्ण के बाल रूप की होती है पूजा : संजय सर्राफ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त दिन सोमवार को मनाया जाएगा। भाद्र कृष्ण अष्टमी का आरंभ 26 अगस्त को सुबह 3 बजकर 39 मिनट से होगा। और 27 अगस्त को सुबह 2 बजकर 19 मिनट पर समाप्त होगा। इसलिए 26 अगस्त को जन्माष्टमी होगा, सनातन धर्म मे कृष्ण अष्टमी की मान्यता श्री कृष्ण जन्माष्टमी की है। तथा तिथि विशेष में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस बार की जन्माष्टमी विशिष्ट है भाद्रपद श्री कृष्ण पक्ष अष्टमी को अर्धरात्रि में रोहिणी नक्षत्र एवं वृष राशि का संयोग मिल रहा है द्वापर के अंत में भगवान श्री कृष्ण का जन्म तिथि नक्षत्र व राशि की इसी युति में हुआ था। भाद्र कृष्ण अष्टमी की मध्य रात्रि में रोहिणी नक्षत्र के संयोग को शास्त्रों में जयंती योग कहा गया है जिसे सर्वपापहारी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में हुआ था।हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी का बहुत ही अधिक महत्व होता है। हिंदू धर्म में यह योग बेहद खास है और इस योग में किए गए कार्यों का परिणाम फलदायक होता है।

## युवा आक्रोश रैली के तहत मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे भाजपायीईयो को हेंजला व चट्टी पिकेट में पुलिस ने रोका हुई झड़प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 23 अगस्त शुक्रवार को युवा आक्रोश रैली के तहत मुख्यमंत्री आवास घेराव करने जा रहे 06 बसों मे सैकड़ों कैरो प्रखंड भाजपाईयों को हेंजला पिकेट पर पुलिस के द्वारा रोककर युवाओं के आक्रोश को कुचलने और रैली को विफल करने का प्रयास किया गया। मौके पर प्रखंड से जिला मंत्री कैलाश महतो,मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, पुर्व मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, मनोज साहु, जगलाल रविदास ने बताया कि ज्यो ही कैरो प्रखंड से भाजपा कार्यकर्ताओं की गाड़ी मे सवार सैकड़ों कार्यकर्ता की हुजूम हेंजला पिकेट पर पहूँची तो पुलिस ने गाड़ियो को रोक दिया, अक्रोशित युवाओं, महिलाओं ने हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, हेमंत सोरेन सरकार होश मे आओ, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो, तानाशाही सरकार नहीं चलेगी, युवाओं को रोजगार देना होगा महिलाओं पर अत्याचार बन्द करो के नारे लगाने लगे। इस बीच हेंजला पुलिस अक्रोशित भाजपाई से झड़प के बाद बसो मे सवार सभी भाजपायीईयों के उग्र रुप को देख उन्हें जाने दिया। उपरोक्त भाजपाईयों ने कहा कि हेमंत सरकार जनता से किये वायदे को निभा पाने मे विफल,और अपनी नाकामियो को छुपाने के लिये राज्य की जनता के आवाज को लाठियों से दबाना चाह्ती है, हेमंत सरकार अब कुछ ही घंटो की सरकार है, इस सरकार की उल्टी गिनती सुरु हो गई है, जिसका पतन आवश्यक है, अबकी बार विधानसभा चुनाव मे इस सरकार को उखाड़ फेकेगी राज्य की जनता और झारखंड मे फिर से जनता की सरकार के मे भाजपा पुर्ण बहुमत के साथ सरकार बनायेगी।

# विधायक दल के नेता को उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने अपने साथियों संग बुके देकर किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने अपने साथियों संग रांची में आयोजित कांग्रेस पार्टी द्वारा स्वागत सह सम्मान समारोह में शामिल होकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नव नियुक्त लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को बुके देकर स्वागत और अभिनंदन किया है। उन्होंने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मजबूती हेतु केंद्रीय कमेटी ने केशव महतो कमलेश और डॉ रामेश्वर उरांव को जिम्मेदारी सौंपकर बेहतर फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि नये प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश की कमान सौंपे जाने से कुर्मी समाज के अलावा हर वर्ग में काफी हर्ष है। वहीं लोहरदगा के लोकप्रिय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का विधायक दल का नेता चुने जाने से पूरे झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की मजबूती प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि इन द्वेम नेताओं को केंद्रीय आलाकमान द्वारा नेतृत्व सौंपकर झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को नयी उर्जा डालने का कार्य कर दिखाया है। इसका शत-प्रतिशत लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। ऐनुल अंसारी ने कहा कि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने चुनाव के दौरान किए अपने सभी वादे पर शत-प्रतिशत खरा उतरने और क्षेत्र में विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा विधायक सह मंत्री ने अपने क्षेत्र में आदिवासी समुदाय और मुस्लिम समाज के बीच वाद्य-यंत्र वितरण कर उनकी संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य कर दिखाया है। साथ ही मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा विस क्षेत्र में अनेकानेक कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप देकर जनता के दिलों में राज करने का कार्य कर रहे हैं। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान केशव महतो कमलेश और डॉ रामेश्वर उरांव के हाथों में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सौंपे जाने से यहां के सवा तीन करोड़ जनता में हर्ष बना हुआ है।

## लोहरदगा में सांप्रदायिक गतिविधियां का बढ़ना चिंता का विषय : ओम प्रकाश सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोहरदगा क्षेत्र में बढ़ते अलकायदा जैसे राष्ट्र विरोधी तथा सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले संगठन की बढ़ती गतिविधियों पर चिंता प्रकट करते हुए उस पर पूरी तरह नियंत्रण करने के लिए प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा है की सन 2020 से ही लोहरदगा में सांप्रदायिक गतिविधियां बढ़ी है। सीएए के समर्थन में निकले हुए शांतिपूर्ण जुलूस जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे तथा बुजुर्ग शामिल थे उनका निशाना बनाया गया। 2023 में लोहरदगा नगर में ही आई,एस,आई,एस जैसे आतंकवादी संगठन से संबंध रखने के कारण एक स्थानीय युवक को एन,आई,ए द्वारा गिरफ्तार किया गया। अल कायदा जैसे आतंकवादी तथा राष्ट्र विरोधी संगठन अपनी पैठ बढ़ाने का प्रयास तेजी से कर रहा है। और इस क्षेत्र को अपने निशाने पर लिया है। ऐसे संगठन युवा पीढ़ी को समाज विरोधी वारदातों के लिए तैयार करने का कार्य कर रही है। श्री सिंह ने कहा है कि लोहरदगा एक शांतिप्रिय क्षेत्र रहा है,इसे अशांत करने तथा युवाओं को अपने भ्रम जाल में फंसाने का कार्य तेजी से चल रहा है,जिसे समाज के प्रबुद्ध वर्ग प्रशासन से मिलकर ही सुधार कर मुख्य धारा में ला सकता है।

## चलते चलते एक नजर

### मानवता के लिए हर श्रेष्ठ कार्य यज्ञ हैं : कपिल



**मुरादाबाद :** मुरादाबाद महिला आर्य समाज स्टेशन रोड के दो दिवसीय श्रावणी पर्व के उत्सव में आयोजित वेद कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को आचार्य कपिल मलिक ने राजेश नारंग-प्रभा नारंग, ऊषा गुप्ता-विजयनंदन गुप्ता और निर्मल आर्य-प्रीता आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञोपरांत पं सत्यपाल मधुर ने ईश्वरीय भजन प्रस्तुत किए।वेद कथा में आचार्य कपिल मलिक ने कहा कि यज्ञ केवल हवन सामग्री आदि पदार्थो से अग्निहोत्र करना ही यज्ञ नहीं अपितु ईश्वर समस्त जीवों के लिए परोपकारी यज्ञ पल पल कर रहा है यह भी एक यज्ञ है। जब इस जगत में एक गुरु, शिक्षक और आचार्य समाज मे व्याप्त अज्ञानता रूपी अंधकार को अपनी ज्ञानरूपी ज्योति से दूर करता है तो वह भी एक यज्ञ है। आचार्य श्री ने आगे कहा कि घर में जब कोई अतिथि आता है तो व्यक्ति पूर्ण मनोयोग से उनका अतिथि सत्कार करता है तब वह एक अतिथि यज्ञ करता है। कोई विद्वान को बुलाकर वेद कथाएं कराके ईश्वर के प्रति सद्ज्ञान की शिक्षा दिलाता है तो वह भी एक यज्ञ है।

### पलास जेएसएलपीएस के द्वारा रजिस्टर अद्यतन शिविर का हुआ आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** दुमका के जामा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पलास जेएसएलपीएस के द्वारा आयोजित हुआ रजिस्टर अधतन का कैंप किया गया। जिसमें राज्य कार्यालय पलास जेएसएलपीएस के द्वारा निर्गत आदेश का पालन करते हुए ,पलास जेएसएलपीएस जामा के पंचायत के संकुल स्तर पर । ग्राम संगठन स्तर एवं समूहो स्तर पर सुबह 9ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक चलने वाले रजिस्टर अघतन कार्यक्रम को सफलता पुर्वक संचालन के लिए कार्य योजना एक दिन पहले बनाया गया। जिसमें जगह -जगह टीम बना कर इस कार्य को सफलता पूर्वक निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें इस कार्यक्रम सफल जिला स्तर सें जिला कार्यक्रम प्रबंधंक एवं जामा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधंक के द्वारा चिकनिया संकुल के खिलकिनारी गांव के अतंर्गत सभी समूहों एवं ग्राम संगठन का रजिस्टर को जांच किया गया। जिसमें रजिस्टर सही से अपडेट पाया गया। जामा प्रखंड के छःसंकुल के अंतर्गत आनेवाले ग्राम संगठन एवं समूहों का रजिस्टर अपडेट किया गया है।

# शामिल होने वाले सभी लोग हैं पार्टी के लिए महत्वपूर्ण : मंत्री मिथिलेश

**सैकड़ो लोग झामुमो में हुए शामिल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले के रंका प्रखंड अंतर्गत खपरो के 100 से अधिक लोग विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर सभी को झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने पार्टी के नीति, सिद्धांतों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार पूरे राज्य में बेहतर कार्य कर रही है। झारखंड सरकार की जनोपयोगी योजनाओं एवं गढ़वा में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर सभी लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपनाया है। उन्होंने कहा



कि झामुमो में शामिल होने वाले प्रत्येक लोग काफी महत्वपूर्ण हैं। इन सभी लोगों के आने से पार्टी और अधिक मजबूत हो रही है। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से विनोद राम, अनिल कुमार, उमेश राम, कुलदीप राम, रमेश राम, सतन राम, संजय राम, बाबूलाल राम, शिवलाल राम, छोटेलाल राम, सुभाष राम अब्दुल मनान अंसारी, एकरामुद्दीन अंसारी, मंजर अंसारी, इस्तेखार अंसारी, खलील अंसारी, मफुज आलम, असलम अंसारी, असमुद्दीन अंसारी, नेसार अंसारी, सुल्तान अंसारी, हसीब अंसारी, अकबर अंसारी, इल्जाम अंसारी, रेयाज अंसारी, एनुअल अंसारी, हशिम अंसारी, तौकीर अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, सहित 100 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

### लोगों को ठगने और गुमराह करने का काम किया : रोहित चहल

**रांची :** भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रोहित चहल ने कहा कि जिस प्रकार का माहौल झारखंड का है, पूरा देश देख रहा है। यहां के मुख्यमंत्री झूठे और हैं। इन्होंने लोगों को ठगने और गुमराह करने का काम किया। इनके सारे वादे झूठे निकले। घोटाले में सरकार है या सरकार में घोटाला, पता नहीं। कानून व्यवस्था लचर है। तुष्टिकरण की राजनीति चरम सीमा पर है। मुख्यमंत्री का आदिवासी राग केवल ड्रामा है। इस सरकार को केवल परिवार और भ्रष्टाचार से मतलब है। अब बदलाव का वक्त आ गया है। मुख्यमंत्री की चौखट से कुर्सी तक हिलाकर युवा रख देगा। आज युवा अपनी ताकत मुख्यमंत्री को दिखाकर ही दम लेंगे।

## पाकिस्तान की सीमा में चला गया मिनी यूएवी, भारत ने वापस मांगा

**पाकिस्तानी सैनिकों ने बरामद किया, भारत ने हॉटलाइन संदेश भेजा**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना का एक मिनी यूएवी तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सीमा में चला गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने इसे बरामद कर लिया है। उक्त यूएवी को वापस करने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान को हॉटलाइन संदेश भेजा है लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। भारतीय सीमा के भीतर प्रशिक्षण मिशन पर एक मिनी यूएवी आज सुबह 9.25 बजे तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण खो बैठा और भिम्बर गली सेक्टर के सामने पाकिस्तान के निकियाल सेक्टर में चला गया। अचानक सीमा पार करके आए मिनी यूएवी को पाकिस्तानी सैनिकों ने बरामद कर लिया है। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को हॉटलाइन संदेश भेजकर उक्त यूएवी वापस मांगा है। इससे पहले 09 मार्च, 2022 को सॉफ्टवेयर अपग्रेड करके रेंज का परीक्षण किये जाने के दौरान तकनीकी गलती से एक भारतीय मिसाइल पाकिस्तान की सीमा में चली गई थी, जिस पर इस्लामाबाद ने भारत सरकार से विरोध दर्ज कराकर दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच सैन्य अभियानों के लिए मौजूद सुरक्षा तंत्र के बारे में चिंता जताई थी। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के बाद भारत सरकार ने घटना पर खेद जताते हुए उच्चस्तरीय कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया था।

## प्रौद्योगिकीय रहस्यों को समझने में संस्कृत से मदद ले रहे आधुनिक वैज्ञानिक : गोपाल पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान समय में प्रौद्योगिकी के रहस्यों को समझने के लिए आधुनिक वैज्ञानिक संस्कृत साहित्य में अन्तर्निहित ज्ञान के तत्वों का आश्रय ले रहे हैं। पाठक ने संस्कृत सप्ताह सम्पूर्त्ति समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संस्कृत में वैज्ञानिक तथ्यों का समावेश है। वर्तमान समय में वैज्ञानिक संस्कृत ग्रंथों का उपयोग कर रहे हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में भी संस्कृत के अध्ययन को प्रोत्साहित किया जा रहा है और संस्कृत सम्भाषण शिविरों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने




कहा कि अमेरिका के विश्वविद्यालयों में भी संस्कृत के अध्यापन का कार्य चल रहा है। इन विश्वविद्यालयों में संस्कृत के भाषावैज्ञानिक पक्ष पर अनुसन्धान कार्य चल रहा है। साथ ही कहा कि संस्कृत भाषा प्राचीन समय व वर्तमान समय को जोड़ते हुए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। संस्कृत भारत की आत्मा है।

**संस्कृत भाषा मात्र एक भाषा नहीं है, यह हमारी संस्कृति-परंपरा : तपन कुमार शांडिल्य**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि संस्कृत भाषा मात्र एक भाषा नहीं है। यह हमारी संस्कृति, परंपरा, और जीवन दृष्टिकोण का आधार है। यह भाषा उस महान ज्ञान के भंडार को समेटे हुए है, जिसे हमारे ऋषियों, मुनियों और दार्शनिकों ने युगों-युगों से सहेजा है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा के महत्व को समझने के लिए हमें उसकी सर्वव्यापकता और सार्वकालिकता पर ध्यान देना होगा। संस्कृत में न केवल धार्मिक ग्रंथ रचे गए हैं, बल्कि इसमें विज्ञान, गणित, चिकित्सा, खगोलशास्त्र, व्याकरण, और काव्य के ग्रन्थों की भी रचना की गई है। आयुर्वेद के ग्रंथों से लेकर योगसूत्र तक, अष्टाध्यायी से लेकर नाट्यशास्त्र तक, संस्कृत ने हर क्षेत्र में मानवता को अपनी दिशा दिखाई है। प्रो. शांडिल्य ने कहा कि आज के इस युग में जब विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने हमारी दुनिया को परिवर्तित कर दिया है।

**पर्यावरणविद डॉ कौशल को इंटरनेशनल सेमिनार में किया गया सम्मानित**

# बढ़ते प्रदूषण को नहीं रोका गया तो समाप्त हो जाएगा मानव जीवन लीला : डॉ कौशल

**सम्मान ग्रहण करने के बाद इंटरनेशनल मंच के माध्यम से अपने 26 मिनट के संबोधन के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि दुनियां में बढ़ते प्रदूषण और बदलते जलवायु परिवर्तन को अगर समय रहते नहीं रोका गया तो डायनासोर की तरह मानव का जीवन लीला भी समाप्त होने में देर नहीं लगेगी।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** थाईलैंड के बैंकॉक स्थित हॉलिडे इन में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार इंडो थाई फ्रेंडशिप एशिया समिट को वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी और पलामू के लाल ट्री मैन ऑफ झारखंड डॉ कौशल किशोर जायसवाल विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता ने संयुक्तरूप से उद्घाटन किया। इसके बाद उप प्रधानमंत्री ने डॉ कौशल के द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें एशिया एचीवर्स व भारत गौरव अवार्ड देकर सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करने के बाद इंटरनेशनल मंच के माध्यम से अपने 26 मिनट के संबोधन के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि दुनियां में बढ़ते प्रदूषण और बदलते जलवायु परिवर्तन को अगर समय रहते नहीं रोका गया तो डायनासोर की तरह मानव का जीवन लीला भी समाप्त होने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने उस मंच के माध्यम से दुनियां के तमाम लोगों से जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण प्रदूषण की विभीषिका से बचने के लिए अपने धर्मों के साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। उन्होने कहा कि स्वयं और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए पर्यावरण धर्म को अपनाना ही विकल्प है। इंटरनेशनल सेमिनार में जुटे कई महारथियों ने अपने संबोधन में पर्यावरणविद डॉ कौशल के इस अपील की न सिर्फ समर्थन व सराहना की बल्कि सभी को अपने दैनिक जीवन में इसे आत्मसात करने का भी मुखालफत किया।

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं की भी जांच करेगी सीबीआई

**कोलकाता:** कलकत्ता हाईकोर्ट की एकल पीठ ने शुक्रवार को राज्य संचालित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच की जिम्मेदारी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया है। यह अनियमितताएं पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान सामने आई थीं। मेडिकल कॉलेज के पूर्व उप चिकित्सा अधीक्षक अख्तर अली की दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस राजर्षि भारद्वाज ने कहा कि वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच कोर्ट की निगरानी में की जाएगी। जस्टिस भारद्वाज ने पश्चिम बंगाल सरकार की विशेष जांच टीम (एसआईटी) को भी निर्देश दिया कि वह संबंधित दस्तावेज़ शनिवार सुबह 10 बजे तक सीबीआई अधिकारियों को सौंप दे।

# कुछ सीटों पर सहमति बनना अभी बाकी है : उमर अब्दुल्ला

**कुलगाम में साकिन इटू द्वारा अपना नामांकन पत्र भरने के बाद उमर ने कहा कि कुछ सीटों को लेकर एनसी और कांग्रेस के नेता अड़े हुए हैं, लेकिन अधिकांश सीटों पर अंतिम रूप दे दिया गया है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला द्वारा जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन की घोषणा के एक दिन बाद, पार्टी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि अधिकांश सीटों पर गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है, जबकि कुछ सीटों पर सहमति बनना अभी बाकी है। कुलगाम में साकिन इटू द्वारा अपना नामांकन पत्र भरने के बाद उमर ने कहा कि कुछ सीटों को लेकर एनसी और कांग्रेस के नेता अड़े हुए हैं, लेकिन अधिकांश सीटों पर अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ सीटों पर दोनों पार्टियां अड़ी हुई हैं। हालांकि गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आज फिर बैठक होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी 27 अगस्त से पहले उम्मीदवारों की सूची सार्वजनिक करेगी और आज कुलगाम से नामांकन पत्र दाखिल करके एनसी ने बढ़त हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि हमने घोषणापत्र तैयार कर लिया है। हमें उम्मीद है कि लोग हमें अगले पांच साल तक अपनी सेवा के लिए चुनेंगे।

# मुंह पर काली पट्टी बांध कर किया विरोध प्रदर्शन




एजेंसी

**रायगढ़:** जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म को लेकर कांग्रेस सड़क पर उतर आई है। सामूहिक दुष्कर्म मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कांग्रेस ने आज रायगढ़ शहर में मौन जुलूस निकाला। खरसिया विधायक उमेश पटेल व लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार के नेतृत्व में मुंह पर काली पट्टी बांध कर मौन प्रदर्शन कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।इससे पहले जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रेसवार्ता में खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा कि वे कल गुरुवार को पुसौर क्षेत्र में पीड़िता गांव गये थे। गांव में इस घटना के बाद से असहज स्थिति है। कल पीड़िता के परिजनों से भेंटकर इस मामले में उनके साथ खड़े होने की बात कही। खरसिया विधायक उमेश पटेल ने यह भी कहा कि इस मामले में 12-14 लोगों के शामिल होने की बात महिला द्वारा कही जा रही है, ऐसे में सवाल उठता है कि बांकी अन्य लोगों की अब तक पहचान और गिरफ्तारी क्यों नहीं की जा सकी? उन्होंने कहा कांग्रेस चाहती है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाय। खरसिया विधायक उमेश पटेल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सहित रायगढ़ जिले में ला एंड आर्डर की स्थिति लचर हो गई है, पुलिस को पंगु बना दिया गया है। पुलिस के बूट में धमक होनी चाहिए,अपराध करने वाले पर पुलिस का खौफ नहीं है।

### निर्माणाधीन फार्म हाउस की छत गिरने से पांच मजदूरों की मौत

**इंदौर :** इंदौर जिले की महू तहसील के अंतर्गत चोरल गाँव में निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से पांच मजदूरों की दबने से मौत हो मौत हो गई। घटना गुरुवार देर रात हुई, लेकिन शुक्रवार सुबह इसकी जानकारी लगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना को दुखद बताते हुये शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से दो-दो लाख रुपये देने के निर्देश दिये। रेडक्रास के माध्यम से भी मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। इस तरह मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करा दिया था। सभी संबंधित अधिकारी एवं एसडीआरएफ के दल को मौके पर तुरंत ही भेजा। बताया गया है कि यहाँ एक निर्माणाधीन फार्म हाउस में कल स्लैब डाली गई थी एवं रात में यहाँ कार्यरत मज़दूर उसी के नीचे सो गए थे।

# विधानसभा चुनाव से पहले ही हार मान चुकी भाजपा : बजरंग

एजेंसी

**हिसार :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार चुनाव से पहले ही हार मान चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मंत्री जेपी दलाल का हताशापूर्ण बयान दर्शाता है कि भाजपा की हार तय है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर हिसार के शाहपुर गांव के सरकारी स्कूल में रैली करके चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप भी लगाया।बजरंग दास गर्ग शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मंत्री जेपी दलाल सरेआम कह रहे हैं कि अगर हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनी तो उसे भाजपा छह माह में गिरा देगी। इससे साफ जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपनी हार मान चुकी है। सारा देश जान चुका



है कि भाजपा सरकार ने हमेशा ही लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया जबकि भाजपा की केंद्र सरकार ने इसी प्रकार हिमाचल व राजस्थान में चलती सरकार गिराने की नाकाम कोशिश की थी। हिमाचल से 6 विधायक उठाकर पंचकूला लाये गये और राजस्थान की गहलोत सरकार में 14 विधायक गुड़गांव के आलीशान होटल में ठहरा कर सरकार गिराने की नाकाम कोशिश की थी। यह सारा खेल देश की जनता ने देखा था। उस समय भी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हिमाचल व राजस्थान की सरकार बचाने का काम किया था। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन वीरसिंह खालिया, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजय जाखड़, गुरुदीप सिंह, ईश्वर मोर, सतीश सराहवत जोली, बजरंग असरावां, वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, राजगुरु मार्केट आर्गेनाइजेशन के संरक्षक अक्षय मलिक, व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन राजेंद्र बंसल, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, प्रदेश युवा सचिव भारत सोनी, अनिल बिश्नोई व सुरेश सिंगला आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।